हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 30 नवंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

12 सरपंच की पहल पर खुला बुक बैंक



13 एडीएम और एएसपी ने ली डीजे और मांगलिक भवन संचालकों की बैठक






### आज से न्यूनतम तापमान दो दिनों के लिए बढ़ेगा

## बंगाल की खाड़ी में आज चक्रवती तूफान दितवाह, छाए रहेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पिछले दो दिनों से न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आने की वजह से शनिवार को मौसम और सर्द हो गया। पूरे दिन ट्विनसिटी के लोगों ने भारी ठंड का एहसास किया। वहीं शाम होते ही यह ठंडी और अधिक हो गई। जिसकी वजह से रात का पारा और भी नीचे आ गया है। लोग ठंडी से बचने के लिए गरम कपड़े के साथ ही अलाव का सहारा लेने लगे हैं। इधर मौसम विभाग ने बताया है कि चक्रवाती तूफान दितवाह रविवार को पश्चिम बंगाल की खाड़ी में प्रवेश कर रहा है। इसलिए इस दिन आसमान पर बादल छाए रहेंगे। न्यूनतम तापमान में बदली की वजह से बढ़ोतरी हो सकती है।



### दो दिनों में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक 30 नवंबर से अगले 2 दिनों के लिए न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। उसके बाद आने वाले 3 दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों में बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहने की संभावना है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया। दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### ऐसा है सिनोष्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान 'दितवाह' दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी श्रीलंका के ऊपर है। इसके आगे बढ़ने और 30 नवंबर की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु, पंडुचेरी और उससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की बहुत संभावना है।

## सूने मकान से ज्वेलरी और कैश चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुलिस ने महादेव घाट के सूने मकान से ज्वेलरी और कैश चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 हजार रुपए का माल बरामद की गई है। धारा 305-ए,331 (4) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को रिमांड पर भेजा गया है।

मामला अमलेश्वर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रार्थी सागर कुमार जांगड़े रायपुर ने थाना अमलेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके बड़े भाई महादेव घाट स्थित घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। वे बड़े भाई के घर में रात्रि में सोते थे। 2-3 दिन से अपने भाई के घर नहीं गया था। इस दौरान अज्ञात चोर ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम पर हाथ साफ कर दिया। इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ किया। सुबह पेट्रोलिंग के दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 5478 में तीन लड़के पुरानी बस्ती रायपुर निवासी अमित सोनकर 21 वर्ष, मुकुट नगर रायपुर निवासी मोनू उर्फ दीक्षांत मांझी 19 वर्ष, मुकुट नगर रायपुर निवासी राहुल सोनकर 21 वर्ष संदिग्ध अवस्था में घूमते मिले। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किए।

आरोपियों ने बताया कि चोरी की सामग्री को अमलेश्वर क्षेत्र के ज्वेलरी शॉप में बेचा है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की सोने-चांदी के जेवरात कीमती लगभग 80000 रुपए बरामद कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## अल सुबह पुलिस की टीम ने आउटर व स्लम एरिया में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

### 500 से अधिक लोगों की हुई चेकिंग संदिग्धों के लिए गए फिंगर प्रिंट



सुबह दुर्ग जिले में अलग-अलग पुलिस की टीम द्वारा आउटर एवं स्लम एरिया में दबिश देकर चाकूबाजों, मादक पदार्थ रखने वालों एवं सशक्त ऐप के माध्यम से वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध पाए जाने पर लोगों का बायोमैट्रिक थंब भी लिया गया।

जिले में आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाए जाने, धारदार हथियार लेकर चलने वालों, मादक पदार्थ रखने वालों एवं सशक्त अप के माध्यम से वाहनों की चेकिंग एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए शुक्रवार को छावनी बस्ती, कुम्हारी क्षेत्र एवं रायपुर से लगे अमलेश्वर क्षेत्र के आउटर बस्ती में प्रातः 4 बजे से 8 बजे तक और रात्रि 10 बजे से 12 तक रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें लगभग 500 से अधिक लोगों की चेकिंग की गई और संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए। राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा यह चेकिंग की गई। इस दौरान बदमाशों को अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने, सामाजिक जीवन व्यतीत किए जाने समझाईश दी गई ।

## नशीला दवा के साथ पकड़े गए युवक की जमानत याचिका खारिज

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत ग्राम उमरपोटी के भाठापारा क्षेत्र में 15 सितंबर को नशीला दवा के साथ पकड़े गए सुजल पिता सतीश सिंह (20 वर्ष) स्टेशन मरोदा की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। उसे पुलिस ने एक अन्य आरोपी नवीन चाणक्य के साथ गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाशीध पीएस मरकाम के कोर्ट से यह यह आदेश जारी हुआ। उतई पुलिल ने कोर्ट से बताया कि आरोपी नवीन के पास से करीब 120 नग नशीली दवा जब्त की गई है।मामले में सुजल सहआरोपी है, उसे जमानत दिया जाना उचित नहीं होगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाशप्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



## ‘मन चंगा तो कठौती में गंगा’ काव्य का विमोचन

**सेलूद।** डॉक्टर बलराम मिर्झा की गुरु रविदास पर केंद्रित कृति ‘मन चंगा तो कठौती में गंगा’ का विमोचन संस्कृति विभाग के सभा स्थल में किया गया। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित इस कृति के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि पुरंदर मिश्रा विधायक, अनुज शर्मा विधायक और डॉ रोहित यादव सचिव छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग थे।

## निधन

### अशोक कुमार गजेंद्र



**दुर्ग।** सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त एसडीओ गया नगर निवासी अशोक कुमार गजेन्द्र (76 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। 30 नवम्बर रविवार दोपहर 12 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे उषा गजेन्द्र की पति एवं प्रवीन, नवीन, जितेश, सचिन, चारुशिखा सिन्हा के पिता और भाजपा नेता ज्ञानेन्द्र मौर्य के जीजा थे।

### राजेश्वरी

**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी (एक्जीक्यूटिव) क्वार्टर 7/ए, स्ट्रीट 32, सेक्टर 4 निवासी स्व. के. एन. शन्मुगम की पत्नी राजेश्वरी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 नवम्बर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सेंट्रल बैंक आफ इंडिया भिलाई शाखा में कार्यरत के एस रवि की माता थीं।

### रामसिंग पठारी

**सेलुद।** शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रामसिंह पठारी क आकस्मिक निधन हो गया ।वह कुछ दिनो से अस्वस्थ थे जिनका हास्पिटल में इलाज चल रहा था ।भाठापारा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया ।शीतला सेवा समिति के सदस्यों व गाँव वालो ने श्रद्धांजलि दिया ।

# सरपंच की पहल पर खुला बुक बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन/सेलूद

पाटन विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत औंसर डिघारी में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया फिर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। ग्राम पंचायत औंसर डिघारी के सरपंच प्रियालता महिपाल ने ग्रामवासियों के लिए 400 से अधिक किताबें जनसहयोग से जुटाई हैं जिसका लागत मूल्य 40,000 रुपये से भी अधिक है। गाँव के युवक युवतियों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षा के पुस्तक भी एकत्र की गई है। संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत औंसर डिघारी में स्वामी आत्मानंद वाचनालय में बुक बैंक की शुभारंभ किया गया। जिसमें हर तरह की किताबें हैं। इसे ग्रामवासी



पंचायत में आकर भी पढ़ सकेंगे और पंचायत से घर ले जाने की भी सुविधा है। बुक बैंक में नवोदय, राष्ट्रीय छात्रवृति परीक्षा, एकलव्य, एसएससी, रेलवे, पुलिस, आर्मी, अग्निवीर, पटवारी, शिक्षक भर्ती से लेकर पीएससी तक के पुस्तक उपलब्ध है। सरपंच प्रियालता महिपाल ने बताया कि आगामी समय में इसका और भी विस्तार किया जाएगा तथा जो कोई भी पंचायत के लिए को पुस्तक देगा उसे पंचायत द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं , सहायिकाओं, सक्रिय महिलाओं, पशु सखी, भोजन माताओं का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल ने सभी के योगदान की सराहना की। माताओं की सेवा भाव और समर्पण को नमन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कल्पना साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने सरपंच के इस प्रयास की सराहना की, उन्होंने कहा कि इससे गाँव में पढ़ाई का अच्छा माहौल बनेगा। इस अवसर पर नारद साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू समाज पाटन, भूपेश निर्मलकर उप सरपंच, सुरेश वर्मा,गजेंद्र भारती, प्रकाश भास्कर पंच, शशि वर्मा सचिव, भूषण वर्मा रोजगार सहायक, रोशनी चतुर्वेदी, त्रिवेणी भारती, श्यामा भारती,अनिता ठाकुर, सुमित्रा यादव पंच,अनकेश्वर महिपाल, विकास ठाकुर, मितानिन ,आंगनबाड़ी कार्यकताएं सहायिकाए, बिहान की क्रेडर ,स्कूल की रसोईया,पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शासन ने राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय को मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय चंदखुरी, दुर्ग को शासकीय सेवकों एवं उनके आश्रितों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु मान्यता प्रदान कर दी है। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय प्रथम चिकित्सालय है जिसे राज्य शासन ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु मान्यता प्रदान की है। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय से संलग्न चिकित्सालय 2002 से अनवरत हैं। निःस्वार्थ मानव सेवा हेतु तत्पर रहने वाली चिकित्सा संस्थान है। चिकित्सालय में बाह्य रोगी विभाग जिसमें मेडिसिन, पंचकर्म, स्त्री एवं प्रसुती रोग, बाल रोग, कान, नाक, गला तथा सर्जरी विभाग है इसमें अतिरिक्त भर्ती योग्य मरीजों हेतु साठ शैय्या युक्त अतिरिक्त रोगी विभाग स्थापित किये गए हैं जिनकी विभागानुसार शैय्या की संख्या रखी



गई हैं। चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सा की भी व्यवस्था हैं साथ ही चिकित्सालय परिसर में ही दवाई, खून पेशाब जांच हेतु पैथोलॉजी, फिजियोथैरेपी एम्बूलेंस भी न्यूनतम दरें उपलब्ध हैं। बाह्य रोगी विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सा द्वारा उपचार एवं परामर्श तथा भर्ती योग्य मरीजों की भर्ती कर उपचार किया जाता हैं। प्रबंध निदेशक आर साहू ने बताया कि प्रतिमाह सैकड़ों शासकीय सेवक तथा उनके आश्रित परिजनों का उपचार किया जाता है । शासन द्वारा राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय को चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु मान्यता प्रदान करने पर उनको चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा तथा चिकित्सा में होने वाले खर्चे न्यूनतम हो जायेगा।

## 1981 सरकारी खाते ऐसे, जिनमें लंबे समय से 9.21 करोड़ रुपए हैं जमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग जिले की सभी बैंकों में संचालित विभिन्न सेवाओं व योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के शासकीय विभागों से संबंधित 1981 निष्क्रिय बैंक खातों को लेकर चर्चा की। बता दें कि इन खातों में करीब 9.21 करोड़ रुपए जमा हैं। 1264 डीईएएफ (दावा रहित जमा राशि) खातों जिनमें लगभग 2.62 करोड़ रुपए की राशि संचित हैष उन सभी खातों को 30 नवंबर 2025 तक सक्रिय कराने के लिए खाताधारकों से संपर्क सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों को समयावधि में निराकृत कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी बैंक एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे, भारतीय रिज़र्व बैंक से दिग्विजय राउत, अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय गर्ग सहित डीआईसी, मत्स्य पालन, कृषि विभाग, नगर निगम, एनआरएलएम विभाग के अधिकारी एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

## मटंग में श्री मद भागवत कथा का आयोजन 20 दिसंबर से

**सेलुद।** पाटन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम मटंग में निर्मलकर परिवार के द्वारा आयोजित 20 से 28 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित परमानंद पंचकोशी धाम नव चेतना केंद्र फिगेंश्वर राजिम होगें। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन स्वर्गीय रघुनंदन निर्मलकर एवं स्वर्गीय बल्दू राम निर्मलकर की पुण्यतिथि में आयोजित किया जा रहा है। 20 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ बेदी पूजन, गौकर्ण कथा के साथ कथा प्रारंभ होगी निरंतर 9 दिन तक बांके बिहारी भगवान श्री कृष्ण के लीलाओं का वर्णन कथा वाचक के मुखारविंद से होगी। 28 दिसंबर को हवन पूजा के साथ महाप्रसादी कर कथा पर विराम लगेगा।







## खबर संक्षेप



### कामधेनु विवि में संविधान दिवस का आयोजन

**दुर्ग।** संविधान दिवस के अवसर पर दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय, अंजोरा में कुल सचिव डॉ. बीपी राठिया, वित्त अधिकारी सुशील कुमार गजभिये, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय अंजोरा डॉ. संजय शाक्य, अधिष्ठाता दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर डॉ. सुधीर उपरीत, निदेशक शिक्षण डॉ. एस पॉल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय, अधिष्ठाता मास्त्स्किी महाविद्यालय कवर्धा, डॉ. एम.के.गेंदले आदि की उपस्थिति में संविधान दिवस की शपथ एवं संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सबके साथ समानता बनाए रखने एवं लोगों को उनके अधिकार दिलाने की शपथ ली।

### फिल्टर प्लांट व इंटकवेल को सुरक्षित रखने सदस्यों ने दिए सुझाव

**दुर्ग।** जल कार्य विभाग के सलाहकार समिति की बैठक विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा जल विभाग के बेहतर संचालन के लिए शिवनाथ नदी इंटकवेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक सभी संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए नियमित रूप से सुरक्षा गार्ड रखने का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही सदस्यों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में जल कार्य समिति के सदस्य पार्षद दीपक साहू, भास्कर कुंडले, गुलाब वर्मा, कमल देवांगन, मनोज सोनी, खालिद रिजवी, रेखा बंजारे, जल विभाग कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, अप अभियंता विनोद मांझी, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर आदि उपस्थित थे। समिति की बैठक में निगम प्रशासन द्वारा परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी कैमरा लगाए जाने तथा बेरिकेटिंग किए जाने पर संतोष प्रकट करते हुए सभी फिल्टर प्लांटो में सुरक्षा गार्ड रखने का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने विभाग के पार्षद सदस्यों द्वारा दिए सुझावों को अमल करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पानी सप्लाई सुचारू रूप से जारी रखने हर संभव उपाय करने कहा है।

**वार्ड परिक्रमा : जनप्रतिनिधि गायब, कैलाश नगर के लोग हुए बेसहारा**

# जवाहर नगर की हालत बदहाल, नालियां बजबजा रहीं, प्रमुख सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे

## आईएचएसडीपी आवास में गंदगी, गटर का पानी घरों में, शिकायतें बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 25 जवाहर नगर में आईएचएसडीपी आवास के निवासी बजबजाती नालियों, ओवरफ्लो सिवरेज, जर्जर सड़कों से परेशान है। अगर समय पर सफाई और सीवरेज की दिक्कतें नहीं सुधारी गईं तो आने वाले मौसम में हाल और बिगड़ जाएंगे।

वार्ड परिक्रमा के दौरान हरिभूमि की टीम वार्ड 25 जवाहर नगर पहुंची थी। आईएचएसडीपी आवास में रहने वाले परिवार बदबूदार नालियों और गंदगी के बीच जीने को मजबूर हैं। नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं। बदबू से घरों में बैठना मुश्किल हो जाता है। यहां सिर्फ नालियां ही समस्या नहीं हैं। कई इलाकों में सिवरेज ओवरफ्लो हो गया है। सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं। कुछ गलियों में हाल यह है कि बरसात के दिनों में घुटनों तक पानी भर जाता है। बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले भी झाड़ियों और घास से घिर चुके हैं। रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन हालात जस के तस हैं। यहां बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता है।









### आईएचएसडीपी आवासों में सबसे ज्यादा परेशानियां

अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि आईएचएसडीपी कॉलोनी में साल भर यही स्थिति बनी



रहती है। वार्ड 25 जवाहर नगर स्थित आईएचएसडीपी के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि सिर्फ जश्न मनाते हुए दिखे थे, उसके बाद कभी मुड़कर नहीं देखा। लोगों को लगता है कि यहां गरीब रहते हैं, इसलिए उनकी सुनवाई कहीं नहीं होती। चुनाव के समय वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में हालात बदलने की कोई कोशिश नहीं दिखती। आईएचएसडीपी आवास के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से साफ सफाई मांग की है। लोगों का कहना है कि रोज इसी गंदगी में जीना अब असहनीय हो चुका है।

### घरों में बह रहा गटर का पानी

आईएचएसडीपी कॉलोनी निवासी जितेन्द्र सोनी, रघुवीर सिंह चावला, बब्बू सिंह राजपूत, ईश्तु प्रसाद, गुरप्रीत सिंह चावला, सनत यादव और अन्य लोगों ने कहा कि नालियों की सफाई महीनों से नहीं हुई। नाली जाम है, गटर का पानी सीधे घरों में भर रहा है। कई बार शिकायत की, लेकिन सफाई कर्मी आते ही नहीं। लगातार नमी और गंदगी से घरों की दीवारों में सिलन बढ़ गई है। बरसात में हाल और खराब हो जाते हैं। साफ सफाई के लिए बार-बार निगम का चक्कर लगाना पड़ता है। अभी ठंड के मौसम में जब गटर का पानी घरों में बह रहा है तो सोचिए बरसात के दिनों में क्या हालत होती होगी।

# गलत स्व विवरणी पर लगेगी 5 गुना पेनल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग




निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। निगम ने भवन एवं भूमि स्वामियों को चेतावनी दी है कि

- निगम आयुक्त ने करदाताओं को चेताया

यदि कोई करदाता अपनी संपत्ति का विवरण स्व. विवरणी में गलत या कम दिखाता है, तो उस पर अंतर राशि का 5 गुना तक जुर्माना लगाया जाएगा। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस नियम का उद्देश्य करदाताओं पर बोझ डालना नहीं, बल्कि शहर में एक सही और निष्पक्ष कर व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि गलत विवरण प्रस्तुत करने वाले किसी भी करदाता को पेनल्टी माफ़ करने का अधिकार निगम के पास भी नहीं रहेगा, इसलिए सभी संपत्ति स्वामी सही जानकारी देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स का एकमुश्त भुगतान 30 नवंबर 2025 तक करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। करदाता समय पर भुगतान कर इस लाभ का फायदा उठा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान यदि किसी संपत्ति में वास्तविकता से कम आंकड़े प्रस्तुत किए पाए गए तो निगम सीधे 5 गुना पेनल्टी लागू करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि स्व.विवरणी भरने एवं बिना अधिभार के कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित है। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास के लिए कर संग्रहण को पारदर्शी और तथ्यात्मक बनाना चाहता है। गलत स्व. विवरणी देना नियमों का उल्लंघन है और इससे राजस्व की हानि होती है। सभी नागरिक सटीक जानकारी दें ताकि अनावश्यक कार्रवाई न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि करदाता समय पर कर जमा करें।

### नायब तहसीलदार कंवर के स्थान पर बंजारे होंगी सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए विधानसभा क्षेत्र 67 अहिवारा अंतर्गत चन्द्रशेखर कंवर नायब तहसीलदार के स्थान पर योगिता बंजारे नायब तहसीलदार अहिवारा को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। बंजारे आयोग के निर्देशानुसार एवं विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 67 अहिवारा के मार्गदर्शन में समय-सीमा में कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करेंगी।

# एडीएम और एएसपी ने ली डीजे और मांगलिक भवन संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में शादी विवाह के सीजन को ध्यान में रखते हुए एडीएम अभिषेक अग्रवाल और एएसपी सुखनंदन

- दिए सख्त चेतावनी



राठौर ने संयुक्त रूप से डीजे और मांगलिक भवन संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीजे संचालकों को अवगत कराया गया कि वे क्षेत्रीय ध्वनि मानक के अधिकतम 10 डीबी ए या 75 डीबी ए के अंदर ही बजाएंगे। उन्हें ध्वनि प्रदूषण नियम का शक्ति से पालन करना होगा। किसी भी आयोजन में शासकीय सम्पत्ति और सार्वजनिक सुविधाओं का उपयोग बिना पूर्व अनुमति नहीं दिया जाएगा।

रात 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाने और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहनों पर डीजे या वाद्ययंत्रों का प्रयोग वर्जित है। आयोजन स्थल पर जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा या रास्ता बाधित नहीं होना चाहिए। विवाद की स्थिति में अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। इसी प्रकार मांगलिक भवन संचालकों को भी आयोजन के दौरान आगन्तुकों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था पर जोर देने कहा गया। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में डीजे संचालक समारोह स्थल के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर डीजे और वाहन आदि जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही मांगलिक भवन को भी शील करने की कार्यवाही की जाएगी।

### ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 10 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड दुर्ग के ग्राम ढ़ाबा के आबादी पारा वार्ड 14 में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## बिजनेस साइट

### मैत्री विद्या निकेतन अंतर-विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम



**भिलाई।** शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई में आयोजित अंतर-विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता में मैत्री विद्या निकेतन ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का विषय भारत के लोकनृत्य पर आधारित था, जिसमें विभिन्न राज्यों की समृद्ध लोक सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया गया। टीम की प्रस्तुति में लय, ताल, अभिव्यक्ति और समन्वय का अद्भुत मेल देखने को मिला, जिसने दर्शकों एवं निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति और मंच पर प्रभावशाली अभिव्यक्ति ने प्रतियोगिता में विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाया।प्रतियोगिता में डीपीएस भिलाई की टीम द्वितीय स्थान तथा केपीएस ने सुन्दर नगर तृतीय स्थान पर रहे। प्रिंसिपल डॉ. संजीत थॉमस ने कहा कि यह जीत उनके टैलेंट, टीमवर्क और अपनी कला के प्रति जुनून का प्रमाण है। उप प्राचार्य डॉ. बिनू संजीव ने कहा कि यह प्रस्तुति केवल एक टैलेंट का नहीं, बल्कि टीम की एकता और निरंतर मेहनत का परिणाम है। एमईसीए की प्रेसिडेंट राजम सुधाकरण, डायरेक्टर एस. सजीव, एस. साजन, हेडमिस्ट्रेस निशी साजन, तथा सभी शिक्षक एवं मैनेजमेंट ने विजेता टीम और इंजार्ज टीचर्स को हार्दिक बधाई दीं।

### इंडिया सिल्क की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** इंडिया सिल्क की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। स्टील क्लब,सेक्टर -8,भिलाई में संचालित प्रदर्शनी की संचालिका द्वारा भिलाई-दुर्गवासियों के लिए 26 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प, हैंडलूम एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने, वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले। संचालिका तारा मैंम ने बताया यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। कोलकाता की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है। वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं राजनांदगांव में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, लेडिस कुर्ती, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक मुखवास ,भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग,सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। ठंड के इस मौसम पर सामानों की खरीदी कर, विशेष आकर्षण की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान, ग्राहकों हेतु रखे गये है। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। सुबह 11 से रात 9 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं।

### एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 में 59वां वार्षिक खेल दिवस

**भिलाई।** शनिवार को एमजीएम स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ शाला प्रार्थना और छत्तीसगढ़ राज्य गीत 'अरपा पैरी की धार' के साथ हुआ। इस अवसर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे। विशिष्ट अतिथि इंटरनेशनल वॉलीबाल रेफ़री विनोद नायर, बोरसी पार्षद साजन जोसफ, कोषाध्यक्ष व कार्यवाहक संचालक रोशन वी. कोषी, शाला एवं चर्च प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य प्रभारी एलिज़ाबेथ अनिता राजन, प्रधान पाठिका सोमी सजीव, अकादमिक इंचार्ज मीनू जेकब थॉमस, प्री-प्राइमरी इंचार्ज एस. जीना, प्रेस और मीडिया, शिक्षकगण, गैर शिक्षकीय कर्मचारी, पीटीआई शिक्षकगण, अभिभावकगण तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। स्वागत भाषण खेल प्रभारी स्वाति बालाजी द्वारा किया गया। गजेन्द्र ने कहा कि हार पर निराश न होने तथा जीत पर अंहकार की भावना न लाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी बेमेतरा गीता सोनी उपस्थित थीं। बेंजामिन एमसी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। रिले रेस के बाद आज के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शाला के छः सदनों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः पटेल सदन, नेहरु सदन तथा गांधी सदन रहे।



### अपने जीवन को संकट में मत डालिए : डॉ. एचसी अग्रवाल



**भिलाई।** इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए। क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि । ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्ननों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं। वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आईएसओ सर्टिफाईड सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एचसी अग्रवाल (एमडी) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग में स्थित है।

### पशुओं से सुरक्षित व्यवहार और फर्स्ट एड प्रोटोकॉल पर परिचर्चा



**दुर्ग।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो रिट पिटीशन सिविल के अंतर्गत दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश में प्राध्यापकों एवं छात्राओं के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय में पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और छात्रा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए पशुओं के आसपास सावधानी बरतने, काटने के बाद प्राथमिक उपचार प्रदान करने की जानकारी दी। डॉ. तोषिना तैलंग ने छात्राओं को अपरिचित पशुओं से दूरी बनाए रखने और उकसाने और छोड़ने से बचने के बारे में बताया। डॉ. अनामिका वस्त्रकार ने प्राथमिक उपचार समझाए। सुश्री तबस्सुम अली ने छात्राओं को तुरंत रिपोर्टिंग के प्रोटोकॉल के बारे में बताया। इस अवसर पर एक टीम का भी गठन किया गया जो कि निरीक्षण कर महाविद्यालय प्रांगण में किसी भी तरह के पशु के प्रवेश एवं व्यवहार पर निरंतर निगरानी कर रिपोर्ट प्रदान करेगी, जिससे किसी भी दुर्घटना और अप्रिय स्थिति को रोका जा सके और सुरक्षा मानकों का पालन हो सके।

### संविधान दिवस पर जिले में एक हजार से अधिक आवासों का हुआ वृहद भूमिपूजन

**दुर्ग।** विगत दिवस संविधान दिवस के अवसर पर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रथम किश्त प्राप्त हितग्राहियों के लिए वृहद स्तर पर भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिले के सभी जनपदों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत धमधा में 400, दुर्ग में 248 तथा पाटन में 476 हितग्राहियों ने एक साथ भूमिपूजन कर अपने आवास निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस प्रकार कुल 1000 से अधिक आवासों में एक साथ भूमिपूजन किया गया। यह अभियान आगामी दिनों में निरंतर चलाया जाएगा, ताकि हितग्राहियों में आवास निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़े और वे निर्धारित समय सीमा में अपने घरों का निर्माण पूरा कर सकें। मार्च 2026 तक सभी आवासों को पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी पूर्ति के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस वृहद कार्यक्रम से जिले में आवास निर्माण कार्य को गति मिलेगी।

**मंत्री गजेंद्र यादव ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण**

# शिक्षा मंत्री ने पोटिया स्कूल में बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव वार्ड 54 स्थित पोटिया के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। बच्चों से

- समस्याओं का निराकरण करने दिए निर्देश

सीधे बात कर उनकी पढ़ाई और जरूरतों के बारे में जानकारी ली।

गजेन्द्र यादव ने कहा की आज दुर्ग वार्ड 54 स्थित पोटिया के प्राइमरी और मिडिल स्कूल पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। बच्चों के साथ स्कूल परिसर का निरीक्षण कर बच्चों द्वारा बताई गई आवश्यकताओं को शीघ्र पूरा करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के शिक्षको से बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए गंभीरता से कार्य करने कहा, साथ ही सभी बच्चों की नियमित उपस्थिति और कोर्स की स्थिति की जानकारी लिया। विद्यार्थियों की मजबूत शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का आधार है। प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, पार्षद हीरौंदी चंदानिया, सविता साहू, कौशल साहू, भूपेंद्र साहू, नीलेश बंजारे, जितेन्द्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### स्कूल की गतिविधियों की ली जानकारी

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पोटिया के प्राथमिक और मिडिल स्कूल के शिक्षको से चर्चा कर स्कूल की सभी गतिविधियों का विस्तार से जानकारी लेकर शिक्षा के साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों पर भी जोर देने कहा ताकी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। पोटिया के प्राथमिक स्कूल में निरिक्षण के दौरान बच्चों ने शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से संवाद किया। बच्चों ने स्कूल में खेलकूद सामग्री, बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने और शौचालय का संधारण करने की मांग की, जिसे संबंधित अधिकारी को फोन कर शीघ्र कराने के निर्देश भी दिए।




## खबर संक्षेप



### एटीएम एजेंसियों के कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन अनिवार्य

**भिलाई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले में चोरी, लूट, डकैती जैसे अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए जिले के सभी बड़े बैंकों के एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी, चेस्ट वाहनों एवं आबकारी से संबंधित कर्मचारियों की बैठक पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने समस्त एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी के उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे एजेंसी में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पुलिस वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य है। एसएसपी ने चेस्ट वाहनों में उपस्थित सुरक्षा गार्ड एवं एटीएम में लगे गॉर्ड को अपने आर्म्स चेकिंग, लाइसेंस रेनवल समय-समय पर कराने के लिए निर्देशित किया।

### बेटे ने शादी से किया इंकार विवाद मारपीट तक बढ़ा

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ धारा 3(5), 333, 115(2), 351(3), 296 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। कार्रवाई एसएसपी के निर्देश के बाद की गई। सोनिया गांधी नगर जोन 1 निवासी सुमित्रा बाई देवांगन ने एसएसपी को शिकायत में बताया कि मानसी देवांगन, मनीषा देवांगन, रेवती देवांगन और रवि देवांगन अपने साथियों के साथ घर में घुसे और उनके साथ तथा उनके बेटे चन्द्रभान को गाली देते हुए मारपीट की। इस दौरान रेवती ने चन्द्रभान के कंधे पर दांत से काट लिया और आरोपियों ने डंडे से हमला कर हाथ तोड़ देने तक की बात कही। घर में आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि विवाद की असली वजह शादी का मामला है। पुत्र चन्द्रभान ने हीरा लाल देवांगन की बेटी से विवाह करने से मना कर दिया था, जिसके बाद से तनाव बढ़ गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि इससे पहले भी कई बार झगड़ा हुआ और आरोपियों द्वारा थाने में झूठी शिकायतें कराई गईं।

# बीएसपी के ठेका में श्रमिकों की 20% कटौती बंद करे प्रबंधन : इंटक

## ठेका श्रमिकों की समस्याओं तथा केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन एवं लाभार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ठेका श्रमिकों की समस्याओं तथा केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि बीएसपी के विस्तारीकरण के बाद संयंत्र के अधिकतर कार्य ठेका श्रमिकों के माध्यम से किए जा रहे हैं। अत्याधुनिक तकनीक अपनाए जाने के बावजूद ठेका श्रमिकों ने उत्पादन बढ़ाते हुए बीएसपी को सेल की ध्वजवाहक इकाई बनाए रखने में अहम योगदान दिया है। लेकिन इसके विपरीत, सेल प्रबंधन के तुगलकी फरमान के चलते बीएसपी प्रबंधन ठेका में 20% श्रमिकों की कटौती कर रहा है। इस निर्णय से ठेका श्रमिकों में भारी असंतोष है।

कटौती के कारण कार्यभार बढ़ गया है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है तथा श्रमिक तनावपूर्ण माहौल में कार्य करने को मजबूर हैं। कटौती से उनके रोजगार की सुरक्षा पर भी संकट गहराया है, जिसका सीधा असर उत्पादन और लाभ पर पड़ना तय है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि ठेका श्रमिकों की 20% कटौती को तुरंत रोका जाए। इस विषय पर उच्च प्रबंधन से चर्चा की जाएगी, और यदि प्रबंधन ने निर्णय वापस नहीं लिया तो इसके विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा।



### बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले केंद्रीय न्यूनतम वेतन

बैठक में यूनियन के उपाध्यक्ष मनोहर लाल ने कहा कि नया वेज कोड कानून के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का लाभ बीएसपी के सभी ठेका श्रमिकों को तुरंत दिया जाए। यह वेतनमान मार्च 2026 तक लागू है। अकुशल श्रमिक 783 प्रतिदिन, अर्ध कुशल श्रमिक 865 प्रतिदिन, कुशल श्रमिक 954 प्रतिदिन, उच्च कुशल श्रमिक 1,035 प्रतिदिन निर्धारित है। यूनियन ने ठेका श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, रात्रि भत्ता, बीएसपी द्वारा आवास या आवास भत्ता,मोटरसाइकिल अलाउंस, कैंटीन भत्ता, बच्चों को निःशुल्कशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, मासिक इंसेंटिव, स्थाई प्रकृति के कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों को उचित दर्जा दिलाने एवं सभी मुद्दों पर उच्च प्रबंधन से बातचीत होगी। इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण विषयों पर उच्च प्रबंधन से गहन चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वेतन प्रणाली में सुधार और सभी ठेका श्रमिकों को पूर्ण वेतन दिलाने के लिए यूनियन लगातार संघर्ष कर रही है। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह, दिनेश, गुरुदेव साहू, कुलेश्वर कुमार, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दामन लाल, दाऊ लाल, यशवंत यादव, मनहरण लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त ने खेमामल मध्यानी से मांगा तीन दिन के अंदर जवाब

# सुपेला में निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग पर रोक, भिलाई निगम ने थमाया नोटिस

## 85 फीट सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का है आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग पर निगम ने रोक लगाते हुए खेमामल मध्यानी को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। यदि 3 दिन के भीतर निगम को सही जवाब नहीं दिया जाता है तो निगम उसके खिलाफ निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करेगा।

नोटिस निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जारी की है। उन्होंने नोटिस में लिखा है कि खसरा क्रमांक 639 के एक भाग में कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला भिलाई में अनुज्ञा के खिलाफ अवैध निर्माण किया जा रहा है। यह निगम के अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने निर्देश दिया है कि इस निर्माण को तत्काल रोका जाए और इसको लेकर अपना जवाब 3 दिन के भीतर दें। जवाब में मध्यानी से पूछा गया है कि निगम अधिनियम का उल्लंघन कर निर्माण करने को लेकर क्यों ना निर्माण को हटाने या गिराने की कार्रवाई की जाए। निगम के एक अधिकारी से ने बताया कि जिस जमीन में बिल्डिंग निर्माण हो रहा है वो जिले के व्यापारी खेमामल मध्यानी की है। उसे उन्होंने डी-मार्ट कंपनी को बेच दिया है। वह प्लाट 32 हजार वर्ग फिट का है। निगम ने इस जमीन में लगभग 42 प्रतिशत हिस्से में ही निर्माण करने की परिमशन जारी की है। यानि कि 15 हजार वर्ग फिट से भी कम जमीन पर बेसमेंट और तीन माले की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है।




### नियम के तहत ही बन रही है बिल्डिंग

इस बारे में जब खेमामल मध्यानी की कंपनी में काम करने वाले जय कुमार अंबवानी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि जमीन डी-मार्ट की कंपनी को बेच दी है। उन्हीं की बिल्डिंग बन रही है। बिल्डिंग परमिशन जमीन बेचने से पहले ले लिया गया था, इसलिए वो खेमामल मध्यानी के नाम से है। उन्होंने यह भी कहा कि डी-मार्ट एक बड़ी कंपनी है। उनके द्वारा जो भी निर्माण किया जा रहा है वो पूरे नियम के तहत किया जा रहा है।

### पार्किंग की 85 फिट गहरी जमीन तक कब्जा कर किया गया है निर्माण

डी-मार्ट की जो बिल्डिंग बन रही है वो नियम से तो बन रही है, लेकिन उनके द्वारा नाली निर्माण के बहाने सिर्विस रोड तक कब्जा कर उसे ग्रान मैट से घेर लिया गया है। अब वहां नाली के बेस के साथ साथ कॉलम खड़े किए जा रहे हैं। इससे साफ है कि वहां पर भविष्यम में बाउंड्रीवाल भी बनाई जा सकती है।

### जिम्मेदारों ने नहीं दिया जवाब

इस बारे में जब निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और वार्ड के पार्षद लालचंद वर्मा को फोन लगाया गया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। वहीं भवन शाखा के अधिकारी दौलत चंद्राकर ने कहा कि इस बारे में जो भी जानकारी देंगे वो बड़े अधिकारी देंगे। उन्हें सिर्फ यही जानकारी है कि मामले को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है।

# कार चालक ने एयरटेल कर्मी से मारपीट कर की लूट, आरोपी फरार



**भिलाई।** भिलाई में वैशाली नगर थाना अंतर्गत कृष्णा गार्डन के पास दो दिन पहले लूट का एक मामला सामने आया। एक अज्ञात कार चालक ने स्कूटी से जा रहे एयरटेल कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट की और उनका बैग और डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत की ब्राडबैंट फाइबर वायर ज्वाइंटर मशीन को लूट कर ले गया। इस घटना को हुए दो दिन बीत गए हैं, लेकिन पुलिस ने ना तो मामाल दर्ज किया और ना आरोपी को पकड़ पाई है।

इस मामले की लिखित शिकायत वैशाली नगर निवासी अमरजीत सिंह ने की है। उसने बताया कि वो सुदेश मिश्रा की फर्म एमएमटी फर्स्ट में काम करता है। उनके दो लड़के सेवकराम और ललित यादव स्कूटी से एयरटेल की कीमती मशीन लेकर कंप्लेन पर गए थे। वो लोग कोहका की तरफ से 28 नवंबर की दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब आ रहे थे। इस दौरान कृष्णा गार्डन के पास एक कार चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। इसके बाद चालक कार से उतरा और लड़कों को गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। उसने लड़कों का बैग छीन और स्कूटी में रखी मशीन को लेकर कार में रखा और भाग गया। जब काफी देर तक उसका कहीं पता नहीं चला लड़कों ने थाने में शिकायत की। वैशाली नगर थाने का हाल यह है कि जब दोनों पीड़ित शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे तो उन्होंने थाने से भगा दिया गया। इसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी ने घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज निकाला, लेकिन अब तक आरोपी का कहीं पता नहीं चला।

# एसआईआर के लिए फॉर्म बांटा ही नहीं, लेकिन कर दी ऑनलाइन एंट्री, बीएलओ निलंबित

**दुर्ग।** विशेष सघन पुनरीक्षण एसआईआर में बड़ी लापरवाही सामने आई है। दुर्ग शहर के 32 बंगला क्षेत्र में करीब 350 मतदाता ऐसे हैं, जिन्हें फॉर्म का वितरण ही नहीं किया गया, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में उन्हें फॉर्म के वितरण की जानकारी अपलोड की गई। फील्ड पर की जांच के बाद इसका खुलासा हुआ। इतना ही नहीं कलेक्शन कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही थी। लगातार मिल रही शिकायत के बाद बीएलओ सिद्धांत शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि सिद्धांत शर्मा दुर्ग निगम में सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर पदस्थ हैं। 4 दिसंबर तक एसआईआर के अंतर्गत फॉर्म का वितरण और उसे भरकर जमा किया जाना है। इसे लेकर पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है। मतदान केंद्रों से लेकर लोगों के घर-घर जाकर एसआईआर की जानकारी दी जा रही है। इस कार्य में बूथ लेवल अधिकारियों की भूमिका सबसे अहम है। मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्र वितरण करने के साथ ही उसका संकलन और डिजिटाइजेशन कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकांश बूथों में यह कार्य पूर्णता की ओर है। कुछ बूथ में पूर्ण भी हो गए हैं, लेकिन दुर्ग विधानसभा के बूथ नंबर 183 के नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर सिद्धांत शर्मा ने इस कार्य में लापरवाही बरती। मतदाताओं के गणना पत्र के वितरण और संकलन कार्य में घोर लापरवाही बरती गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर निलंबन कार्रवाई की गई है।

# नवीनीकरण, रिटेंशन, हाउस लीज पर बीएसपी से चर्चा का लिया निर्णय, आज फिर बुलाई गई बैठक



**भिलाई।** बीएसपी क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सेक्टर 10 में बैठक आयोजित कर टाउन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल को विद्युत व्यवस्था का हस्तांरण की पहलकदमी पर विस्तार से चर्चा की गई।इसमें सभी ने एक मत होकर निर्णय लिया कि विद्युत विभाग की विसंगतियां पर चर्चा हेतु सेक्टर 10 जोनल मार्केट मंदिर परिसर में बृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में आम एजेंडे पर सभी मिलजुल कर कार्य करेंगे। लीज नवीनीकरण, बीएसपी आवासों के रिटेंशन संबंधी समस्या एवं हाउस लीज से संबंधित समस्याओं पर भविष्य में एकजुट होकर आगे कार्य करने का निर्णय लियाा गया। बैठक में स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स, हाउस लीज संघर्ष समिति, बीएसपी आवास रिटेंशन समिति के पदाधिकारी सुरेश चंद, राजेंद्र कुमार परगनिया, राम जसपाल, अनिल विश्वकर्मा, चंद्रकला ताराम, सुमन कनौजे, दिनेश सिघल, ज्ञानचंद बाकलीवाल, राम कुमार गुप्ता, अजय दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

### हस्तातंरण के मामले में व्यापारिक संगठन आज करेंगे चर्चा

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 20 नवंबर को सेक्टर 10 जोनल मार्केट मंदिर परिसर स्थित सभा भवन में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बैठक आयोजित किया है। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र विद्युत सेवा राज्य शासन को सौंप रहा है इससे हमको क्या परेशानी होने वाली है इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी । अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन ने अपने श्रमिक संगठनों के मध्य चर्चा के दौरान कहां है कि बी एस पी आवास राज्य शासन को सौंप जाने की चर्चा छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हो रही है ,सिर्फ आवास क्यों ,टाउनशिप क्षेत्र की पूरी भूमि सौंप देना चाहिए । विद्युत नियामक आयोग में 5 दिसंबर को भिलाई इस्पात संयंत्र टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट द्वारा विद्युत सेवा सौपे पर जाने से संबंधित दिए गए प्रस्ताव पर रायपुर विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय में हियरिंग होना है जहां विभिन्न जहां विभिन्न संस्था संगठन के प्रतिनिधियो को अपनी आपत्ति दर्ज करना चाहिए ।

# जोन पांच में विभिन्न विकास कार्यों का किया गया निरीक्षण

**भिलाई।** नपानि भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान, टेनिस कोर्ट, डोम शेड निर्माण स्थल सहित बीएसपी क्षेत्र के जर्जर क्वार्टरों का जायजा लिया और अधिकारियों को नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का त्वरित लाभ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने इस उद्यान का अवलोकन किया। उद्यान के भीतर निर्मित स्टेज के तत्काल संधारण का निर्देश दिया गया है। खिलाड़ियों के लिए बने इस टेनिस कोर्ट का निरीक्षण कर आयुक्त ने इसे नागरिकों को सौंपने और उनके द्वारा इसका उचित रखरखाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### उद्यानों में पौधरोपण देखभाल के निर्देश

आयुक्त ने उद्यान में किए गए पौधारोपण की उचित देखरेख सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्यान में खराब पड़े बोर के तत्काल संधारण और पौधों की सिंचाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। समीपस्थ टेनिस कोर्ट में ग्राउंड की साफ-सफाई कराने को कहा गया ताकि खिलाड़ियों को सुविधा मिल सके।

प्रस्तावित नवीन डोम शेड निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य को नियमानुसार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बीएसपी क्षेत्र के जर्जर क्वार्टरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थलों का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए आवासों के निर्माण के लिए करने की संभावना पर चर्चा की।






## तीनों जिला संगठनों के नव निर्वाचित अध्यक्षों ने निकाली संयुक्त रूप से रैली

# जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रजिस्ट्री शुल्क और जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस ने पटेल चौक में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ शासन का पुतला फूंका। इस दौरान तीनों जिला संगठनों के नव निर्वाचित अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिले का युवा जाग चुका है, सरकारी की दमनकारी नीतियों से वाकिफ हो रहा है। आने वाले दिनों में कांग्रेस स्वस्फूर्त ऐसे जुड़ने वाले लोगों को साथ लेकर और भी उग्र प्रदर्शन करेगी। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर उन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। युवाओं की भावनाओं के अनुरूप जिला संगठन काम करेगा। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर आगामी दिनों में कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, दीपक दुबे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

- **ब्लॉक स्तर पर भी विरोध दर्ज कराने की तैयारी**

### भूमि की सरकारी दरों में वृद्धि का लोगों को नुकसान

राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी दर 40 से 500 प्रतिशत बढ़ गयी ,यह सरकार का अदूरदर्शी फैसला है। गाईडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को परेशानी होगी, लोगों का मकान, दुकान, फैक्ट्री बनाने का खर्च बढ़ जायेगा। भूमि की खरीदी-बिक्री बंद हो जायेगी या कम हो जायेगी, बेरोजगारी बढ़ेगी। यह प्रदेश के विकास में बाधा पहुंचाने वाला फैसला है। इस फैसले का कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एक साल में जमीन की गाईडलाईन 130 से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी हो। इससे नागरिकों का खासा आर्थिक नुकसान होने वाला है।




### नासिर खोखर ने छोड़ा प्रवक्ता पद

पिछले करीब 10 सालों से प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी निभाने वाले नासिर खोखर ने अपना प्रवक्ता पद छोड़ दिया है। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इसकी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि वे अब पार्टी की इस जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं। पार्टी यदि उन्हें अन्य कोई जिम्मेदारी देती है, तो वे उसका पालन करेंगे।

### 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख स्टाम्प ड्यूटी

मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख की स्टांप ड्यूटी कोई सरफिरि या तुनकमिजाज सरकार ही लगा सकती है। प्रदेश के कई शहरों के आसपास कुछ जगह ऐसी भी स्थिति बन गयई है कि अगर कोई 1000 फीट जमीन की खरीदी 6 लाख रु. में करता है तो उसे 4 लाख 40 हजार रु. रजिस्ट्री शुल्क चुकाना होगा, कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क और जमीन की कीमत एक बराबर होगी, कुछ क्षेत्रों में जमीन की कीमत से ज्यादा रजिस्ट्री शुल्क देना पड़ेगा। ऐसे गरीब आदमी मकान कैसे बनायेगा? तिनका तिनका जोड़कर और कर्ज लेकर जमीन खरीदने वालों को जमीन के साथ रजिस्ट्री के लिए भी कर्ज लेना पड़ेगा, फिर मकान बनाने पैसा कहां से इंतजाम करेगा।




हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

03

खुश रहने के लिए अपनाएं ये तरीके जीवन में आ जाएगी बहार

**लाइव इवेंट**

## लोक नृत्य, गीत और पारंपरिक वाद्य यंत्रों का युवाओं ने किया प्रदर्शन



**भिलाई।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में छग रजत जयंती वर्ष के अवसर पर रोजगार और प्रशिक्षण के अंतर्गत विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गई। जिसमें रजत जयंती थीम पर प्रशिक्षार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोक गीत और पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया गया।

■ जिला स्तरीय स्पर्धा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में

तकनीकी प्रदर्शनी में मॉडल व उपकरण, पारंपरिक औद्योगिक शिल्पों की प्रदर्शनी, मोर छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ ही आई टी आई के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों से संवाद, अनुभव के साथ सम्मान समारोह आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने अपने थीम पर आधारित कृति को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायकों ने सराहा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेरला , बेमेतरा, परपोड़ी, मारो और नवागढ़ के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में शीतल कुमार साहू ने स्वागत भाषण के बाद प्रतियोगिता की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व संपादक भिलाई के डॉ दीनदयाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके साथ ही जिले के प्रशिक्षण संस्थाओं से बी पी देवांगन, नंदकिशोर भतरिया, मनीष वर्मा, प्रेम सागर नायक, चंद्रभूषण यादव, रेवेन्द्र वर्मा, सौरभ अग्रवाल, प्रेम परितोष, ज्योति भगत, खुमान सिंह डाहिरे, सविता देवांगन, नरेंद्र कुमार देशमुख, नाजमा बेगम , दीपक कौशिक के साथ साथ ही बेरला प्रशिक्षण संस्था के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



**सिटी इवेंट**

## धर्मेन्द्र के गीतों पर गायकों ने दी शानदार प्रस्तुति, दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग और सांस्कृतिक मंच दुर्ग के तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड दुर्ग में सुप्रसिद्ध अभिनेता स्व धर्मेंद्र देओल को दुर्ग-भिलाई के गायक कलाकारों ने गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, दिनेश जैन और गुलाब चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा और पूर्व विधायक अरुण वोरा ने स्व धर्मेंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

■ महान अभिनेता के अलावा नेक इंसान भी थे धर्मेन्द्र : बरमेचा

इस अवसर पर कैलाश जैन बरमेचा ने उपस्थित संगीतप्रेमियों और धर्मेन्द्र को चाहने वालो को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मेन्द्र एक अच्छे अभिनेता के साथ साथ एक अच्छे इंसान भी थे। उनकी अदाकारी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कैलाश जैन ने मंच की सराहना करते हुए हर संभव मदद करने की बाते कही। उन्होंने युनुस चौहान द्वारा गए गीत छलकाए जाम गीत की बेहतरीन प्रस्तुति के लिए 2 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि सदाबहार फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन से सीने जगत के एक युग का अंत हो गया। लंबे समय तक उन्होंने भारतीय सीने जगत में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन दुर्ग भिलाई के प्रसिद्ध मंच संचालक तुलसी सोनी ने किया। स्व धर्मेन्द्र को दुर्ग भिलाई के गायकों, उपस्थित संगीत प्रेमियों एवं शहरवासियों ने 1 मिनट मौन धारण कर भी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में दुर्ग भिलाई के गायक कलाकारों ने धर्मेंद्र पर फिल्माए गीतों पर अपनी प्रस्तुति से स्व धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी। जिसमें प्रमुख रूप से बहादुर अली थारानी, तरुण देशमुख, अनिल शुक्ला, हीरा मानिकपुरी, मुश्ताक, संजय दुबे, मदन डोंगरे, दुर्गा, अलीम कुरैशी, रविशंकर साहू, महेश सोनकर आदि मौजूद थे।



● ऋतु परिवर्तन के साथ ही मंदिरों की पूजन विधियों में हुआ बदलाव

# भगवान को लगी ठंड... ओढ़ा रहे ऊनी वस्त्र, सर्दी से बचाने सोंठ-गुड़ के लड्डू और हल्दीयुक्त दूध का लगा रहे भोग, गर्भगृह में हीटर से भी हो रहा जतन



**संगीता मिश्रा। भिलाई ट्विनसिटी में सुबह और रात के वक्त ठंड बढ़ने का असर अब मंदिरों में विराजे भगवान पर भी देखने को मिल रहा है। जहां राधा-कृष्ण मंदिरों में लड्डू गोपाल और राम मंदिर में राम लला सहित दरबार को ठंड से बचाने शॉल और ऊनी वस्त्र पहनाएं जा रहे है। साथ ही गोपाल जी को सर्दी से बचाने भोग में गुड़- सोंठ के लड्डू और हल्दी युक्त दूध अर्पित किया जा रहा है। वहीं रात को गर्भगृह में रुम हीटर से तापमान को नार्मल करने जतन किया जा रहा है।सनातन धर्म में भाव पूजा को प्रधानता दी जाती रही है। यही वजह है कि मौसम के परिवर्तन होने पर मंदिर के पट खुलने व बंद होने के समय के साथ भगवान के परिधान और भोग भी बदले जाते हैं। इन दिनों भगवान को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं। सेक्टर 6 राधा-कृष्ण मंदिर, रामभद्र सेवामंडल सेक्टर 2, नेहरु नगर राधा-कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी दुर्ग सहित देवी मंदिरों में प्रतिदिन शाम सात बजे से सुबह महाभिषेक तक भगवान को शाल ओढ़ाए रखा जाता है।**

### घरों में भी कर रहे विशेष जतन

सुबह 9-10 बजे के बाद जैसे ही ठंड कम होती है, शाल और गर्म कपड़े निकाल दिए जाते हैं। घरों में भी भक्त अपने ईष्ट देवों के प्रति ऐसा ही प्रेम सर्मपित कर रहे है। बाल गोपाल को ठंड न लगे, इसलिए श्रद्धालुओं ने गर्म कपड़े पहनाने शुरू कर दिए हैं। वहीं शाम की पूजा-आरती के समय में परिवर्तन कर जल्दी की जाती है।



ब्रह्मलीन आचार्य प्रेमनारायण शर्मा संस्थापक रामभद्र सेवा मंडल से.2

### प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विराजते हैं भगवान, होती है अनुभूति



हरे-कृष्ण मूवमेंट अक्षय पात्र सेक्टर 6 के व्योमपाद प्रभु ने बताया कि ठंड शुरु होने के साथ ही अभी हल्के ऊनी शाल प्रतिदिन ओढ़ाई जा रही है। हर मौसम के अनुसार चैतन्य प्रभु के परिधान में बदलाव होते हैं। अब ठंड बढ़ने लगी है, इसलिए शाम के वक्त आरती के बाद शाल ओढ़ाई जा रही है। उनका कहना है कि मंदिरों में भगवान प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विराजते हैं, इसलिए माना जाता है कि उन्हें भी हर प्रकार की अनुभूति होती है। 1 दिसंबर को गीता जयंती के बाद मंगला आरती के समय में परिवर्तन किया जाएगा।

### सर्दी से बचाने हल्दी युक्त दूध और गुड़ सोंठ लड्डु का भोग



सेक्टर 6 राधा-कृष्ण के पुजारी आचार्य सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि मंदिर में मथुरा वृंदावन की तर्ज पर युगल विग्रह को मौसम के अनुरुप परिधान धारण कराए जाते है। जिसमें माघ और पूस में ठाकुर जी को ठंड से बचाने गर्भगृह में रात को थोड़े देर के लिए रुम हीटर भी जलाया जाता है। साथ ही इन दिनों गोपाल को भोग में गर्म भोजन के साथ सोंठ गुड़ के लड्डू और सर्दी से बचाने हल्दी युक्त गर्म दूध अर्पित किये जाने की परंपरा निभाई जाती है।

### गर्म रेशमी कपड़ों का प्रयोग

राधा-कृष्ण मंदिर में भगवान को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ा पहनाने शुरू कर दिए हैं। पुजारी का कहना



है कि सर्दी के बढ़ते असर को देखते हुए मंदिरों में उनके कपड़ों में परिवर्तन किया गया है। प्रतिमा को ऊनी व गर्म कपडे पहनाए जा रहे हैं। भगवान को ठंड न लगे इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कई मंदिरों में कुछ दिनों के बाद गर्म कपड़े पहनाए जाएंगे। भगवान को सामान्य कपड़ों की जगह गर्म रेशमी कपड़े पहनाएंगे। भगवान को गुड़ व तिल के लड्डू का भोग लगाया जाएगा। इसके अलावा सुबह का स्नान भी गुनगुने पानी से होगा।

## नगपुरा जैनतीर्थ में 13 से पार्श्व प्रभु जन्म दीक्षा कल्याण महोत्सव, जुटेंगे श्रद्धालु

**दुर्ग।** तपोभूमि उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी 13 से 16 दिसंबर तक पार्श्व प्रभु जन्म-दीक्षा कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ प्रभु का जन्म पोष बद दशमी एवं दीक्षा पोष बद ग्यारस को हुआ था।

तीर्थ में तीर्थपति महाप्रभाविक उवसग्गहरं पार्श्वनाथ प्रभु प्रतिष्ठित है। इस परिप्रेक्ष्य में महोत्सव दरिम्यान देशभर के सैकड़ो धर्म प्रेमी पोष बद 9, 10, 11 को तीर्थ में रहकर अट्ठम तप (तीन दिवसीय उपवास) की आराधना करते हैं। महोत्सव की जानकारी देते हुए तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया ने बताया कि इस महोत्सव में निश्रा प्रदान करने तीर्थ के परमोपकारी, दिव्याशीषदाता व्याख्यान वाचस्पति, कविकुल किरीट लब्धिसूरी महाराजा समुदाय



के गौरव प्रखर प्रवचनकार, शंखेश्वर प्रेमी पूज्यपाद आचार्य विजय महासेन सूरीश्वरजी विशाल साधू-साध्वीवृंद के साथ तीर्थ पधार रहे हैं। भुवन-भानु समुदाय के मुनिप्रवर जयपाल विजयजी, मुनि प्रियदर्शी विजयजी, मुनि तीर्थप्रेम विजयजी की भी समृद्ध उपस्थिति रहेगी। आचार्य विजय राजयश सूरीश्वरजी का दिव्य आशीष, तीर्थहितचिंतक आचार्य विजय वीतरागयश सूरीश्वर का शुभाशीष एवं साध्वी वाचंयमा बेन की असीम कृपा के साथ आज्ञानुवर्तिनी तीर्थ सर्वोदय विकास के लिए समर्पित साध्वी वृंद, लक्ष्ययशा, व्याख्यात्री, लब्धियशा, आज्ञायशा के मार्गदर्शन में महोत्सव के विभिन्न अनुष्ठानों की रूपरेखा के साथ विशिष्ट संरचना किया जाएगी। 12 दिसंबर को अट्ठम तपस्वियों का आगमन एवं अत्तरपारणा होगा। पोष बद 9 से 13 दिसंबर को शिवनाथ नदी तट पीपरछेड़ी में होगा। देशभर के 108 नदियों की जल का कलश यात्रा निकाली जाएगी।

पोष दशमी 14 दिसंबर को मेरुपर्वत प्रांगण पर भव्य स्नात्र पूजा- जन्माभिषेक का विधान होगा। इसी दिन पूज्यवरों के प्रवचन अंतराल में चौदह सपनों का अवतरण- अष्टमंगल दर्शन के साथ जन्म कल्याणक उत्सव मनाया जावेगा, रात्रि में जन्म कल्याणक महाआरती होगा। पोष बद एकादशी दि 15 दिस को दीक्षा कल्याणक वरघोड़ा एवं तपस्वियों का सम्मान होगा। महोत्सव में तीनों दिन पूज्यवरों की निश्रा में महापूजन की संरचना विधिकारक अनिल हरण लिम्बड़ी द्वारा संगीतकार धर्मेश जैन परभणी के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर सम्पूर्ण तीर्थ परिसर को विद्युतीय रोशनी से सजाया जाएगा।

## सीजीपीएससी में यामिनी सिदार बनी डीएसपी, सर्व समाज ने किया प्रोत्सहित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर पुलिस उपअधीक्षक यामिनी सिदार और उनके परिवार से सर्व समाज कल्याण समिति ने मुलाकात कर उनकी ऐतिहासिक सफलता पर शुभकामनाएं दी। सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने यामिनी से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि यामिनी सिदार की यह उपलब्धि उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर सपना साकार किया जा सकता है। यामिनी सिदार ने इसका अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस दौरान अनिल चौधरी, मलकित सिंह, जोगा राव, शहनवाज़ कुरैशी, सोम सिंह, वाजिद अंसारी, सुनील यादव, रमन राव, गुरमीत सिंह, इंद्रजीत चिंटू सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

**हिंसा उन्मूलन अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर हुए कई आयोजन, दी गई कानूनी जानकारी**

**कार्नर न्यूज**

## महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक चोट नहीं है, बल्कि इसमें यौन, मानसिक और वित्तीय शोषण भी शामिल, किया जागरूक

**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की विशाखा समिति और महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर विविध आयोजन किए गए। जिसमें महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान प्राचार्य कहा कि दुनिया भर में लगभग 3 में से एक महिला को अपने जीवन में मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। जिसे ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा में महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार की हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में यह दिवस घोषित किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ आर के पुरोहित ने इस विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।



### साइबर, उत्पीड़न और ऑनर कीलिंग भी प्रताड़ना में शामिल




इस अवसर पर प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक चोट नहीं है, बल्कि इसमें यौन, मानसिक और वित्तीय शोषण सहित कई प्रकार के कानूनी कार्य शामिल हैं जिससे महिलाएं प्रताड़ित होती है। यह पुरूषों और महिलाओं के बीच असामान शक्ति संबंधों का परिणाम है और इसके गंभीर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विपरित परिणाम हो सकते हैं। भारत में घरेलू हिंसा, ऑनलाईन हिंसा जैसे साइबर, उत्पीड़न और ऑनर कीलिंग जैसे गंभीर मामले सामने आए हैं, इसी तारतम्य में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर ग्राम कोलिहापुरी में महिला और बाल विकास विभाग द्वारा अनेक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाने वाली सेवाएं जैसे महिला हेल्पलाईन, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला उत्पीड़न, हिंसा आदि से संबंधित कानून की प्रदान दी गई।

### छात्राओं ने ली शपथ

महिला उन्मूलन कार्यशाला के दौरान छात्राओं द्वारा महिला उत्पीड़न के विरूद्ध कार्य करने की शपथ ली गई। एन एस एस प्रभारी डॉ सुषमा यादव ने शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक हिंसा और डॉ यशेश्वरी ध्रुव ने यौन उत्पीड़न के रोकथाम के वैश्विक मानदण्डों और अच्छे व्यवहारों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ तोषिना तैलंग और तबस्सुम अली, महिला एवं बाल विकास विभाग, दुर्ग की जया चन्द्राकर, लक्ष्मीकांत यादव, शिल्पी उपाध्याय, कविता डोरले, सीता कन्नौजे सहित काफी संख्या में छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### सर्दियों में आंखों की समस्याएं और देखभाल आवश्यक



**भिलाई।** सर्दियों का मौसम जहां ठंडी हवाओं और गर्म कपड़ों का एहसास कराता है, वहीं यह मौसम हमारी आंखों के लिए कुछ परेशानियां भी लेकर आता है। ठंडी हवाएं कम आर्द्रता और इनडोर हीटर या ब्लोअर के प्रयोग से आंखों की नमी कम हो जाती है। नतीजा सूखापन, जलन, लालपन और कभी-कभी संक्रमण भी होता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा वर्मा बताती हैं कि ऐसे में कृत्रिम आंसू या लुब्रिकेंट आई ड्रॉप्स का प्रयोग करना चाहिए। मोबाइल या कंप्यूटर देखते समय ज्यादा पलकें झपकाएं। बाहर जाते समय सनग्लासेस या गॉगल्स पहनें ताकि ठंडी हवा सीधे आंखों पर न लगे। सर्दियों में घरों में धूल, मिट्टी, धुएं और ऊनी कपड़ों के रेशों से एलर्जी हो सकती है। इससे आंखों में खुजली, लालपन और पानी आने लगता है। ऐसे में आंखें न रगड़ें, ठंडी पट्टी रखें। नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लें। आंख लाल होना, पानी या मवाद जैसा स्राव, पलकों का चिपकना, हल्का दर्द या जलन की शिकायत हो सकती है। तौलिया, रूमाल, तकिया, या कॉस्मेटिक्स किसी से साझा न करें। हाथों को बार-बार धोएं, आंखों को छूने या रगड़ने से बचें। उचित आई ड्रॉप्स का प्रयोग करें। कमरे में ह्यूमिडिफायर या पानी से भरा कटोरा रखें ताकि नमी बनी रहे। खूब पानी पिएं और हरी सब्जियाँ, गाजर, पालक, मछली, अलसी जैसे विटामिन A और ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं।

## धर्म लाइव

### ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद



**भिलाई।** सामाजिक क्रांति प्रणेता व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर के परिसर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष बालेश्वर चौरे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती और अगरबत्ती लगाकर पूजा और वंदना की गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष नितेश सोनटेके ने महात्मा फुले के जीवनी पर प्रकाश डालकर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बालेश्वर चौरे सहित उपाध्यक्ष माया सुखदेवे, उपाध्यक्ष शैलेंद्र मेश्राम, कोषाध्यक्ष नितेश सोनटेके, सहसचिव संजय वैद्ध, सूजाता जंगम, रंन्जु खोब्रागडे, सुशील रामटेके, भिमाई महिला समिति की दानशिला रामटेके, कोमल चंद्रिकापुरे, विनीता भालेकर, अश्वनी कोल्हाटकर, रानी श्रीरंग, अनीता गुरुदेव, शिल्पा बसोड़, मीनाक्षी मून, किरण गजभिये, लक्ष्मी मेश्राम, पल्लवी चंद्रिकापुरे, नीतू मेश्राम, सरिता, मंजूषा मेश्राम, बुद्धशरण बोरकर, विवेक गेड़ाम, अमित खोबरागड़े सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन नितेश सोनटके ने किया।

## समाज इवेंट

### स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिनों को प्रोत्सहित करने किया सम्मानित



**भिलाई।** बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा में मितानीन दिवस के अवसर पर क्षेत्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानीनों को प्रोत्साहित करने सम्मानित किया गया। मितानीन दिवस के अवसर पर मितानीन मंजू साहू का शॉल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सावित्री देवांगन, कोषाध्यक्ष शारदा गजभिये, सदस्य ममता साहू, भीमा साहू, सुमन पाल, यामिनी, अगेश्वरी शीला साहू विशेष रुप से उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा को सुन श्रद्धालु हो रहे भक्ति रस में सराबोर



**भिलाई।** श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन कैलाश नगर भिलाई में किया गया है। जहां महंत गोपाल शरण देवाचार्य महाराज के श्रीमुख से भक्त श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रहे है। भागवत सप्ताह के दौरान कथावाचक प्रतिदिन विशेष प्रसंगों की मार्मिक व्याख्या कर श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में सराबोर कर रहे है। इसी कड़ी में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर दिव्य कथा का रसपान किया और कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, शांति और धर्म-संस्कारों के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कथा आयोजन समिति के सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सदैव सहयोग और समर्थन तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के मलकित सिंह, अनिल चौधरी, खिलावन सिंह चौहान, जोगा राव, रमन राव सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

● मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता में प्रदेश की स्कूलों के 400 बच्चे हो रहे शामिल

# दो पक्षों की बहस में उभरे छग के ज्वलंत मुद्दे, छात्रों की संसद में खुली बहस, बेरोजगारी व पर्यावरण पर नोकझोंक

**भिलाई।** सभागार सुबह से ही संसदीय सदन में बदल चुके थे। मंच पर स्पीकर की ऊंची कुर्सी, दाएं ओर सत्ता पक्ष की पंक्तियां और बाएं ओर विपक्ष की सीटें। हर व्यवस्था वास्तविक संसद की तस्वीर पेश कर रही थी। लगभग 400 स्कूली विद्यार्थियों से भरा सदन शांत होकर स्पीकर की हथौड़ी का इंतजार कर रहा था। स्पीकर सदन में पहुंचते हैं। कुर्सी पर बैठते हैं और हथौड़ी बजती है। और फिर सदन की कार्यवाही प्रारंभ। माहौल बहस की गर्मी से भर उठता है। यह दृश्य शनिवार को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में हुए मॉडल यूनाइटेड नेशन का है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों की स्कूलों से आए बच्चों ने सत्तापक्ष और नेता प्रतिपक्ष का किरदार निभाया। फनोलॉजी लर्निंग्स के सहयोग से कराई जा रही इस प्रतियोगिता में भारत के ज्वलंत मुद्दों से लेकर इंटरनेशनल पॉलीटिक्स पर जोरदार बहस छिड़ी। एक सभागार में लोकसभा की कार्यवाही होती रही तो दूसरे सभागार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में बदला गया। बच्चों ने भी नेताओं जैसे पोशाक पहनी। बोलने का अंदाज भी राजनैतिक जैसा प्रयोग किया।





**मुद्दा 1- नक्सलवाद और छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र**

विपक्षी बेंच से एक छात्र खड़ा हुआ। उसकी आवाज दृढ़, लेकिन दर्द भरी थी। माननीय स्पीकर, छत्तीसगढ़ के बस्तर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा में बच्चे आज भी सुरक्षा के डर के बीच स्कूल जाते हैं। कई गांवों में आज भी अस्पताल का नाम सिर्फ एक बोर्ड है। क्या सरकार बताएगी कि विकास कब पहुंचेगा? सत्ता पक्ष तुरंत सक्रिय हुआ। एक छात्र मंत्री ने फाइल खोलते हुए उत्तर दिया। सरकार ने पिछले वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सडक निर्माण पर बड़े कदम उठाए हैं। नक्सलवाद केवल सुरक्षा का नहीं, बल्कि विश्वास और विकास का मुद्दा है, जिसके लिए बहुआयामी प्रयास हो रहे हैं। विपक्ष ने जवाब में कहा-कदम उठाए गए होंगे, पर जमीनी सच अलग है। कई स्कूलों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में दवा नहीं, और सडकों पर सुरक्षा नहीं। विकास तभी कहा जाएगा जब बच्चे बिना डर पढने जा सकें। सत्ता पक्ष ने पलटवार किया। कमी हो सकती है, लेकिन पहला कदम उठ चुका है। संवाद, विकास और सुरक्षा तीनों समानांतर चल रहे हैं।

**मुद्दा 2 - बेरोजगारी और स्किल डेवलपमेंट**

अब बैटल फील्ड देश की तरफ मुड़ा। विपक्ष ने कहा, देश में बेरोजगारी दर चिंता का विषय है। युवाओं के पास डिग्री तो है पर नौकरी नहीं। क्या स्किल डेवलपमेंट सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित रहेगा? ग्रामीण और आदिवासी युवा कब डिजिटल इंडिया का हिस्सा बनेंगे? सत्ता पक्ष ने तर्क दिया। सरकार स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल स्किल इंडिया और कई प्रशिक्षण योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जा रही है। रोबोटिक्स और आधुनिक तकनीक में युवाओं को तैयार किया जा रहा है। विपक्ष ने तुरंत सवाल उठाया लेकिन कितने प्रतिशत ग्रामीण छात्र इन तकनीकों तक पहुंच पा रहे हैं? क्या सिर्फ शहरों की उपलब्धियों से पूरे देश की तस्वीर चमकदार हो जाती है? सत्ता पक्ष ने दस्तावेज दिखाते हुए उत्तर दिया ,आने वाले वर्षों में हर जिले में ट्रेनिंग हब स्थापित होने वाले हैं। यह बदलाव धीरे-धीरे लेकिन स्थायी होगा।

**मुद्दा 3 - मजदूर अधिकार महंगाई और सामाजिक सुरक्षा**

अब बहस और तीखी हो गई। विपक्ष ने आवाज ऊंची की देश में असंगठित मजदूरों की स्थिति अभी भी कमजोर है। अनुबंध आधारित काम, कम वेतन और सुरक्षा की कमी, क्या यह नई अर्थव्यवस्था का चेहरा है? सत्ता पक्ष ने तुरंत उत्तर दिया, नई श्रम संहिताएं मजदूरों को स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और सुरक्षा दे रही हैं। श्रमिकों के अधिकार पहले से अधिक संरक्षित हुए हैं। विपक्ष ने फिर प्रहार किया - कागजों में योजनाएं अच्छी लगती हैं, पर जमीन पर मजदूर आज भी वही संघर्ष झेल रहा है। महंगाई भी उसकी आय से तेजी से बढ़ रही है। सभागार में मेज थपथपाने की आवाज फैल गई। बहस अपने चरम पर थी।

**यूनाइटेड नेशन प्रक्रिया कॉकस संशोधन और प्रस्ताव**

स्पीकर ने व्यवस्था संभाली और कॉकस की अनुमति दी। छात्र समूह आपस में खड़े होकर बहस करने लगे। कोई नक्सल प्रभावित बच्चों की सुरक्षा की बात कर रहा था।कोई बेरोजगारी को राष्ट्रीय संकट बता रहा था। तो कोई मजदूर अधिकारों को लोकतंत्र की रीढ़ मान रहा था। अंत में एक संयुक्त प्रस्ताव ड्राफ्ट हुआ। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और देशभर के पिछड़े इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा को जोडक़र एक समेकित विकास मॉडल लागू किया जाए। मतदान हुआ, दोनों पक्षों की बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दिया गया। अंतिम दृश्य में सभा की मेजें फिर बज उठीं। स्पीकर ने घोषणा की, सदन स्थगित किया जाता है। संसद की गूंज, बच्चों की आवाजें गंभीर बहसों की प्रतिध्वनि देर तक सभागार में बनी रहीं। मानो यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भविष्य की नेतृत्वशक्ति का अभ्यास हो।

## टीकाकरण को लेकर किया जागरूक

### फॉर्मासिस्ट टीकाकरण के एडवोकेट की थीम पर आयोजन, 80 यूनिट रक्तदान भी किया



**भिलाई।** राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अंतर्गत शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के लिए फार्मासिस्ट टीकाकरण के एडवोकेट हैं थीम पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस सप्ताह में हेल्थ कैंप, रैली, पोस्टर स्पर्धा, व्याख्यान, फूड फेस्ट, रक्तदान कैंप द्वारा 80 यूनिट रक्तदान किया गया। खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर फार्मेसी सप्ताह मनाया गया।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की प्राचार्य डॉ स्वर्णली दास पॉल ने जानकारी देते हुए बताया कि विधार्थियों द्वारा सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन के प्रचार प्रसार के लिए ग्रामीण अंचल में महिलाओं को जागरूक करने अभियान चलाया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर रोग में से एक है। ग्रामीण अंचल में स्क्रीनिंग और जानकारी के अभाव में समय पर इसकी पहचान और रोकथाम नहीं हो पाती है। जिससे यह समस्या गंभीर होती जा रही है। विद्यार्थियों ने अपने अभियान में एच पी वी वायरस, सर्वाइकल कैंसर और वैक्सीन के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। डॉ पॉल का कहना है कि वैक्सीन को लेकर आम भ्रांतियों दूर करना आवश्यक है। इसको लगवाने की फायदे अधिक है, जो जीवन रक्षक हैं। विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा समाज हित में निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। टीकाकरण,पोषण, स्वच्छता और स्त्री रोगों पर केंद्रित हेल्थ कैंप लगाए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा ने कहा कि फार्मासिस्ट समाज के सबसे सुलभ स्वास्थ्य मार्गदर्शक हैं। निरंतर जागरूकता कार्यक्रम न केवल समाज को लाभ पहुंचाती हैं बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व का बोध भी कराती हैं। इस दौरान विद्यार्थियों में भी उत्साह दिखाई दिया।

## जामुल में सजाए जा रहे कलश

### दिव्य राम कथा 29 दिसंबर से कलश यात्रा की तैयारी जोरों पर



**भिलाई।** जामुल में 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक रामकथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रीमद्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज अधिष्ठाता, श्री रामलला सेवा सदन, अयोध्या के श्रीमुख से राम कथा की जाएगी। कथा सप्ताह की शुरुआत कलश यात्रा से की जाएगी। जिसकी तैयारियां जोरो पर है। जहां एक ओर माताओं के कलश धारण करने के लिए आयोजन समिति के सदस्य घर घर पहुंच कर पंजीयन का कार्य कर रहे हैं, वहीं दुर्ग जिले के चार स्थानों पाटन , कोड़िया, नंदकट्ठी, रवेलीडीह इत्यादि में कलशों का निर्माण कार्य भी बहुत तेजी से किया जा रहा है। आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजक ईश्वर उपाध्याय ने बताया कि 29 दिसंबर से 6 जनवरी 2026 तक अविरल प्रवाहित होने वाली श्री राम कथा के पहले 28 दिसम्बर को ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकली जाएगी। जिसके लिए विभिन्न वाद्य यंत्रों की टोली भी तैयार की जा रही है, साथ ही रथ व पुष्प वर्षा की तैयारियां भी जोरो पर है। सनातन संस्कृति व धार्मिक अनुष्ठानों में कलश का अपना विशेष महत्व है। श्री राम कथा में कलश धारण करने वाली महिलाओं को कलश यात्रा के दिन सुबह 9 बजे कथा स्थल पर उपस्थित होकर आयोजन समिति के पास पहले ही पंजीयन कराना होगा, जिन माताओं का पंजीयन होगा वो ही कलश धारण करेंगी। पंजीयन निःशुल्क है।

## सेक्टर-6 कंट्रोल रूम में नवीन कानून पर प्रदर्शनी का आयोजन

# नए आपराधिक कानूनों से स्कूली बच्चे हुए रूबरू, लोगों को भी किया जागरूक

कार्नर न्यूज




**भिलाई।** पुलिस कण्ट्रोल रूम, सेक्टर-06 भिलाई में तीन नवीन भारतीय आपराधिक कानूनों से जागरूक किए जाने छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों के लिए एकदिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर, सीजेएम भूपेश बसंत, दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल, विधिक सेवा समिति के सचिव उमेश कुमार उपस्थित थे। शनिवार को आयोजित नवीन भारतीय आपराधिक कानून प्रदर्शनी में बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं व एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। पोस्टर के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों को नवीन कानून की जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।



**कानून सिर्फ अदालतों और पुलिस से जुड़ी हुई विषय वस्तु नहीं-कुजूर**

मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों से अवगत कराया गया। नवीन आपराधिक कानून के अन्तर्गत बच्चों एवं महिलाओं के विरूद्ध अपराध से निपटने के लिए शामिल किए गए धाराओं की विशेषताओं से भी अवगत कराया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने नवीन कानून के प्रावधानों को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए प्रदर्शनी के लिए उन्होंने दुर्ग पुलिस की सराहना की। अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जब वे छोटे थे तो उन्हें थाने परिसर में प्रवेश करने से डर लगता था। प्रशासन आपको एक निर्भिकता उपलब्ब्ध करा रहा है कि एक परिसर में जहां एक समय प्रवेश करने से डर लगता था, आज उल्लास और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित है। कानून सिर्फ अदालतों और पुलिस से जुड़ी हुई विषय वस्तु नहीं है। कानून आम नागरिकों की सुरक्षा, उनकी गरिमा को संरिक्षत करने के लिए है। यह पार्ट आम जनता का भी है। कानून जनभागीदारी का हिस्सा है। इस उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

**अधिकारों को संरक्षित करने नवीन कानून की जानकारी जरूरी**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में जब तकनीकी, शिक्षा बढ़ रही है, अवयरनेस बढ़ रहा है तो अपराध के तरीके भी बढ़ रहा है। पहले शारीरिक अपराध ज्यादा होते थे और आज कल इलेक्ट्रानिक उपकरणों के माध्यम से अपराध हो रहा है। डिजिटल अरेस्ट के दौरान जागरूकता की कमी, संकोच या परिस्थित विशेष में लोग अभिव्यक्त नहीं कर पाते। आने वाले समय में अपने आप को अपने अधिकारों को संरक्षित करने के लिए नवीन कानून की जानकारी जरूरी है। ताकि अपराध के समय हम अपने आप को सुरक्षित रख सके। हमारा कर्तव्य है कि अपराध का विरोध करना। यदि आप अन्याय को सहन करेंगे तो आपके साथ दुबारा बड़े अपराध होंगे। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने सभी बच्चों को जिला न्यायालय आमंत्रित किए जिससे विद्यार्थी चिल्ड्रन कोर्ट और पाक्सो कोर्ट की गतिविधियों से अवगत हो सके।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की कृति ने लिए तीन विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर-23 टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन 24 नवंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच शनिवार को चंडीगढ में विदर्भ अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़. अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़. ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 136 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़. की ओर से कुमुद साहु ने 42 तथा कुति गुप्ता ने 32 रन बनाये। विदर्भ अंडर-23 टीम की ओर से तृप्ति ने 3 विकेट प्राप्त किये। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ अंडर-23 की टीम ने 19.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 140 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। विदर्भ की ओर से कप्तान ऋद्धि ने नाबाद 60 रन तथा आयुषी ठाकरे ने 25 रनों का योगदान दियां। छत्तीसगढ़. की ओर से कृति गुप्ता ने 3 विकेट प्राप्त किये। विदर्भ ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### कायाकिंग एंड कैनोइंग इंटरनेशनल प्रेजिडेंट कप में छत्तीसगढ़ को दो पदक



**रायपुर।** टिहरी झील उत्तराखंड में शुक्रवार 28 नवम्बर से तीन दिन तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहसिक जल क्रीड़ा कायाकिंग एंड कैनोइंग इंटरनेशनल प्रेजिडेंट कप 2025 का आयोजन इंडियन कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन (आईकेसीए) के द्वारा किया जा रहा है।

कायाकिंग एंड कैनोइंग की इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत सहित 22 देशों के लगभग 300 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन छत्तीसगढ़ को दो पदक मिले। 1000 एम सी 2 महिला ब्रॉन्ज़ मेडल नीतू सोनवाने, मनमती बघेल 1000 एमसी 4 पुरुष ब्रॉन्ज़ मेडल भावेश साहू, तोरण साहू, सागर, पीलाश शामिल हैं। इस अवसर पर, बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष , छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने अपनी शुभकामनाएँ दी है।

### राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु जिला ट्रायल आज

**भिलाई।** 15 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता महिला पुरुष स्पर्धा बिलासपुर में 6 से 7 दिसंबर तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता हेतु नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार जिले का पुरुष व महिला चयन ट्रायल कल 30 नवंबर को भिलाई विद्यालय स्कूल सेक्टर 02 नेटबॉल ग्राउंड में संध्या 4:30 से आयोजित है। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल हेतु दिए गए समय में आधार कार्ड ,एनएफआई रजिस्ट्रेशन नंबर एवं एक पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं। यह जानकारी एस मोहन राव जिला सचिव नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने दी।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन की सामान्य सभा आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन की सामान्य सभा 30 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे क्वींस क्लब ऑफ इंडिया, व्ही. आई. रोड, रायपुर में आयोजित है। उक्त बैठक का मुख्य एजेंडा संस्था की नवीन कार्यकारिणी का गठन वर्ष 2025-2029 तक किया जाना है । बैठक में अन्य कार्यसूची विगत वर्ष की बैठक का अनुमोदन, सचिव प्रतिवेदन के साथ साथ वर्ष 2024-25 में खिलाड़ियों की प्रगति एवं विभिन्न जिला इकाइयों में फेंसिंग खेल को क्लब कल्चर में बढ़ावा देने हेतु रूपरेखा पर चर्चा, वर्ष 2024-25 का परीक्षित ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट, वर्ष 2025-26 के लिए ऑडिटर की नियुक्ति, वर्ष 2025-26 का वार्षिक खेल कैलेंडर का अनुमोदन किया जाएगा।




### राष्ट्रीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम गोरखपुर रवाना

**रायपुर।** राष्ट्रीय कुश्ती ग्रीको रोमन स्पर्धा 30 नवंबर से 04 दिसंबर तक गोरखपुर में आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ की 17 और 19 वर्ष बालक टीम दल प्रबंधक संजय कुमार यादव व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा अकलतरा के नेतृत्व में गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) के लिए रवाना हुई। दल प्रबंधक संजय कुमार यादव कबड्डी, कुश्ती, तैराकी, फेंसिंग एथलेटिक्स के विशेषज्ञ एवं कबड्डी के एन आई एस कोच हैं। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोच नीलेश कुमार यादव बलौदा हैं।

---

#### हार्मोन असंतुलन के लक्षणों पर महिलाओं को जरूर देना चाहिए ध्यान

# हार्मोन का लगातार बिगड़ता संतुलन घातक साबित हो सकता है आपके शरीर के लिए

महिलाओं के शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होने पर इसके कई लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों को अक्सर महिलाएं इग्नोर कर देती हैं। कई बार महिलाएं इन लक्षणों के पीछे का असली कारण नहीं समझ पाती हैं। जिसके चलते उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। शरीर के कई फंक्शन्स पर हार्मोन्स के उतार-चढ़ाव का असर होता है। खासकर महिलाओं के लिए हार्मोन्स का बैलेंस होना जरूरी है। पीरियड्स का हैवी होना, पीएमएस में दिक्कत, नींद आने में मुश्किल और भी कई संकेत हैं, जो अलग-अलग हार्मोन के उतार-चढ़ाव की ओर इशारा करते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि हार्मोनल इंबैलेंस के किन 4 लक्षणों पर महिलाओं को जरूर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। मनप्रीत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।





### महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस के लक्षण

अगर शरीर में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ा हुआ है, तो हैवी पीरियड्स, सिरदर्द, पीरियड्स में बहुत अधिक दर्द और कब्ज हो सकती है। यह हार्मोन महिलाओं के रिप्रोडक्टिव ऑर्गन से जुड़ा है और महिलाओं की हेल्थ के लिए इसका सही लेवल में होना बहुत जरूरी है। महिलाओं में इस सेक्स हार्मोन के कम या ज्यादा होने पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसका लेवल कम होने पर रात को पसीना आना, डिप्रेशन, वजाइना का ड्राई होना और यौन इच्छा में कमी जैसे संकेत नजर आ सकते हैं। प्रोजेस्टेरोन भी एक सेक्स हार्मोन है। इसकी कमी होने पर एंग्जायटी, पीएमएस में अधिक मुश्किल और पीरियड्स में स्पॉटिंग हो सकती है।

इसकी कमी होने पर बहुत अधिक थकान, सिरदर्द और थकावट (थकान के कारण) जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कंसीव करने के लिए भी जरूरी होता है। हर महीने ओव्यूलेशन के बाद अंडाशय में यह हार्मोन उत्पन्न होता है। इसका लेवल बहुत अधिक बढ़ना भी सही नहीं है। इससे एक्ने, ऑयली स्किन, चेहर पर अनचाहे बाल और बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। तनाव अधिक होने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन की मात्रा बढ़ने लगती है। इसके बढ़ने पर थकान, कमजोरी और ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।



## भिलाई की महिला क्रिकेट टीम ने शुरू की राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए जोरदार तैयारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के औद्योगिक नगरी भिलाई में महिला क्रिकेट का स्तर लगातार ऊंचा हो रहा है। स्थानीय महिला क्रिकेट टीम ने आगामी राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भिलाई के सेक्टर -7 स्टेडियम में चल रही अभ्यास सत्रों में खिलाड़ियों का जोश देखने लायक है, जो न केवल टीम की एकजुटता को दर्शा रहा है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी साबित हो रहा है।

पूर्व क्रिकेटर एवं कोच गोकरन टंडन ने बताया, ₹हमारी टीम में 15 खिलाड़ी हैं, जिनमें से अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं। हम दैनिक दो सत्रों में अभ्यास कर रहे हैं, जिसमें फिटनेस, बैटिंग, बोलिंग और फील्डिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य चैंपियनशिप जनवरी 2026 में रायपुर में आयोजित होनी है, और हम इस बार फाइनल तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर तैयारी कर रही हैं।₹ कोच गोकरन टंडन ने कहा कि हाल ही में संपन्न जिला स्तरीय टूर्नामेंट में टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जो आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा। कोच अनिता वर्मा के नेतृत्व में टीम का अभ्यास सुबह 6 बजे से शुरू होता है, जिसमें योग और वार्म-अप सेशन शामिल हैं। दोपहर के सत्र में नेट प्रैक्टिस और मैच सिमुलेशन पर जोर दिया जाता है। टीम में उभरती हुई सलामी बल्लेबाज प्रिया ठाकुर और स्पिनर नेहा पटेल जैसे युवा चेहरे शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना देख रही हैं। प्रिया ने कहा, ₹भिलाई जैसे शहर में क्रिकेट के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन हमें और अधिक स्पॉन्सरशिप की जरूरत है। हम स्थानीय व्यवसायों से अपील करते हैं कि महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करें।₹ छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ (सीसीएस) के अधिकारियों ने बताया कि भिलाई की टीम राज्य स्तर पर मजबूत दावेदार है। संघ के सचिव रामेश्वर यादव ने कहा, ₹महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हमने विशेष कैंप आयोजित किए हैं। भिलाई टीम को अतिरिक्त कोचिंग और किट उपलब्ध कराई जा रही है।₹ यह तैयारी राष्ट्रीय स्तर पर महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता से प्रेरित है, जहां हाल ही में भारतीय महिला टीम ने वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया। स्थानीय खेल प्रेमी इस टीम के समर्थन में उत्साहित हैं। एक दर्शक ने कहा, ₹भिलाई की बेटियां मैदान पर कमाल कर रही हैं। हमें गर्व है।₹ टीम की सफलता से न केवल खेल का स्तर ऊंचा होगा, बल्कि युवा लड़कियों को प्रेरणा भी मिलेगी।



## राष्ट्रीय तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ को गोल्ड सहित तीन पदक

**रायपुर।** 42वीं एन.टी.पी.सी. सब जूनियर तीरंदाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता ईटानगर के अरूणांचल प्रदेश में जारी है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश आरचरी एसोसिएशन के 30 तीरंदाज, कोच, मैनेजर शामिल हुए। प्रतियोगिता में शनिवार को इंडियन वर्ग में चांदनी साहू ने 30 मीटर में गोल्ड मेडल, तोरण यादव ने 20 मीटर में ब्रांज मेडल तथा इंडियन वर्ग की टीम इवेंट में महिला वर्ग ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। टीम इवेंट में चांदनी साहू, निकिता यादव, सरिता बघेल और सिमरन खुसरो तथा कोच प्रभु पोर्ते और बिन्देश्वरी देवी साथ में उपस्थित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश आरचरी एसोसिएशन के सचिव आयुष मुरारका ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन रिकर्व वर्ग में भी शानदार रहा। ब्वायस वर्ग में निशांत ने 8 वां स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक विजय पर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विजयी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई दी है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश मुरारका, दीपेश अरोरा, रामलखन पैकरा, भरत मटियारा, वंदना उईके, इतवारी कोच, टी.टी. बेहरा, आत्माराम बंजारे सभी तीरंदाज, कोच, सभी विजयी तीरंदाजों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



## खुश रहने के लिए अपनाएं ये तरीके, जीवन में आ जाएगी बहार

क्या आप खुश रहते हैं? ये सवाल जितना आसान और छोटा है। इसका जवाब ही लोग उतना घुमाकर देते हैं। दरअसल, शायद ही कोई ऐसा हो जो इस जिंदगी में पूरी तरह खुश हो, क्योंकि कोई न कोई टेंशन उनको खुश नहीं रहने देती। कभी काम की टेंशन, कभी पार्टनर की टेंशन, कभी घर की समस्या या कभी अपनी किसी पर्सनल दिक्कत को लेकर परेशान रहते हैं और फिर खुश नहीं रह पाते। पर शायद आप ये नहीं जानते कि खुश रहना है या नहीं, ये सब आप पर ही निर्भर करता है। आप चाहें तो कुछ बातों का ध्यान रखकर और कुछ तरीकों को अपनाकर खुश रह सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ये कौन से तरीके हैं, जिनसे आप खुश रह सकते हैं। अगली स्लाइड्स में आप इस बारे में जान सकते हैं... खुश रहने के लिए इन बातों का रख सकते हैं ध्यानः-

### नेगेटिव लोगों से रहें दूर

अगर आप खुश रहना चाहते हैं, तो सबसे पहले तो इस बात का ध्यान रखें कि ऐसे लोगों से दूर रहें जो गलत हैं बुरे हैं। दरअसल, जो लोग नेगेटिव होते हैं वो खुद तो खुश रहते नहीं और वो आपको भी नहीं रहने देते। इसलिए ऐसे लोगों के बीच रहें जो पॉजिटिव हों।



### अपनी पसंद को दें समय

हमेशा वो काम करें, जिसे करने में आपको खुशी मिलती है। कई लोग बिना खुशी के भी काम करते रहते हैं, लेकिन इसकी जगह आप वो कर सकते हैं जिससे आपको खुशी मिले। जैसे- अगर आपको पेंटिंग पसंद है, कुछ लिखना पसंद है आदि, तो आप ये काम कर सकते हैं। ऐसा करने से आप खुश रह सकते हैं।

### दोस्तों से बात करें

हर किसी के जीवन में कोई न कोई ऐसा दोस्त या ऐसा व्यक्ति होता है, जिसके पास बैठकर, जिससे बात करके उसे खुशी मिलती है। ऐसे में आप भी अपने उसी दोस्त के साथ समय बिता सकते हैं और खुद को खुश रखने की तरफ एक कदम बढ़ा सकते हैं।

### सकारात्मक माहौल बनाएं

कई चीजें ऐसी होती हैं जो हमें बेहद खुशी देती हैं। जैसे- कोई तस्वीर, कोई याद आदि। ऐसे में आप उस सकारात्मक याद को अपने आसपास रख सकते हैं। जैसे- अगर कोई तस्वीर है, तो ऑफिस की या घर की टेबल पर उसे लगा सकते हैं या आप अपने घर में कोई नया पौधा लगा सकते हैं आदि। इससे आपका और आसपास का माहौल खुशनुमा बना रहने में मदद मिल सकती है।



---

कार्नर न्यूज

#### इस्पात नगरी में जारी है क्रिकेट का रोमांच

# अंडर-19 और अंडर -14 में शानदार मुकाबला

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में इन दिनों क्रिकेट का रोमांच जारी है। कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 के मैदान में अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वाधान में जारी है। जहां दर्शकों को शानदार खेल देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर -14 एलिट ग्रुप के फाइनल मैच में भी शानदार मुकाबले हो रहे हैं।

### एनएनसीए की एससीसी पर 21 रन से जीत

गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल्याण महाविद्यालय सेक्टर 7 में जारी है। शनिवार को टीम नायडू नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनएनसीए) ने स्टील सिटी क्रिकेट (एससीसी) अकादमी को 21 रन से हराया। प्लेयर ऑफ़ द मैच शिवम वर्मा रहे। बल्लेबाजी में नायडू नेशनल क्रिकेट एकेडमी की टीम 134 रन पर आउट हो गई। शिवम वर्मा ने 48 रन और आदि यादव ने 29 रन बनाए। गेंदबाजी में स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी अकादमी के आनंद त्रिपाठी ने चार विकेट, सार्थक बाजपेई ने तीन विकेट और रुद्र नारायण वर्मा ने दो विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में स्टील सिटी क्रिकेट एकेडमी 113 रन पर आउट हो गई। रुद्र नारायण वर्मा ने 29 रन, कप्तान आबिद बेग ने 27 रन और सार्थक फूडके ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में नायडू नेशनल क्रिकेट अकादमी के शिवम वर्मा,आदि यादव एवं विवेक कुमार ने तीन-तीन विकेट और एक विकेट सुजल साहू ने लिए। मैच के अंपायर पियूष साहू एवं हिमाचल साहू तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।



### प्लेट कंबाइंड की टीम पहली पारी 307 रन पर आउट

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर -14 एलिट ग्रुप के फाइनल मैच के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड की टीम पहली पारी 307 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर की टीम पहली पारी में 115 रन पर आउट हुई।

अथर्व सिंह ने 40 रन और हर्ष साहू ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के पीयूष जैन ने 5 विकेट, कुमार कृतार्थ द्विवेदी ने चार विकेट और अमन कुमार ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम दूसरी पारी में 88 रन पर आउट हो गई। अमिताभ सिंह ने नॉट आउट 24 रन और आदि ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर के अपूर्व देवांगन ने चार विकेट, हर्ष साहू ने दो विकेट, समर्थ चांडक ,अथर्व सिंह, शशांक तिवारी ने एक-एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी बिना कोई विकेट खोये 31 रन बनाए। युवराज सिंह ठाकुर ने नॉट आउट 13 रन और कप्तान अनमोल राज सिंह ने नाट आउट 6 रन बनाए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## तीन साल के इंतजार के बाद अब आई 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का सीजन-5



मिली बॉबी ब्राउन स्टारर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5, लगभग तीन साल के इंतजार के बाद ओटीटी पर रिलीज की गई है। साइंस-फिक्शन कहानी का पहला सीजन साल 2016 में शुरू हुआ था। सीजन 5 में उन सवालों के जवाब मिले हैं जो सीजन चार में अधूरे रह गए थे। नेटफ्लिक्स 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के पहले चार एपिसोड 26 नवंबर को रिलीज किए गए हैं, उसके बाद क्रिसमस पर तीन एपिसोड और न्यू ईयर की शाम को फिनाले एपिसोड रिलीज करेगा। भारत में ये सभी एपिसोड 27 नवंबर से सुबह 6:30 बजे से स्ट्रीम किए गए। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के हर वॉल्यूम में चार एपिसोड हैं। इन सबकी लंबाई लगभग 54 मिनट से लेकर 1 घंटा 23 मिनट रखी गई है। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'फीलिंग सेट है। स्ट्रेंजर थिंग्स 5 का पहला वॉल्यूम सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।'

सीरीज के अगले सीजन की रिलीज डेट जानकर फैंस उत्साहित हैं। कई यूजर्स ने इस पोस्ट पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'अब नेटफ्लिक्स की फीलिंग सेट है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'नया सीजन देखने और उसका रिव्यू लिखने के लिए उत्साहित हूं।' एक और यूजर ने पूछा है कि क्या इसे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज करोगे?

सीरीज में मिली बॉबी ब्राउन, डेविड हार्बर, विनोना राइडर, फिन वोल्फहार्ड, गेटन माताराजो, केलेब मैकलॉघलिन और नोआ श्नैप जैसे कलाकार नजर आएंगे। इस सीरीज के सीजन पांच के निर्देशक शॉन लेवी हैं।

### टॉलीवुड

## 'अखंडा 2' रिलीज से पहले नंदमुरी ने की गुजारिश, फैंस पर दर्ज हो चुकी एफआईआर



अभिनेता और राजनेता नंदमुरी बालकृष्ण अपनी अपकमिंग फिल्म 'अखंडा 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के प्री रिलीज इवेंट में उन्होंने अपने फैंस से एक गुजारिश की है। अभिनेता ने फैंस से कहा कि 'अखंडा 2' की रिलीज के वक्त बकरों की बलि न चढ़ाएं। इस साल की शुरुआत में उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' रिलीज हुई थी। इस मौके पर उनके पांच फैंस के खिलाफ एक बकरे की बलि चढ़ाने के इल्जाम में एफआईआर दर्ज की गई थी।

नंदमुरी बालकृष्ण ने 'अखंडा 2' के प्री रिलीज इवेंट में अपने फैंस से कहा कि जब वह फिल्म देखने जाएं तो सिनेमाघरों के बाहर किसी भी जानवर को न मारें। उन्होंने कहा 'मैं आपको एक चीज बताना चाहता हूं वह यह कि हर राज्य की अपनी परंपरा होती है। आप में से कई लोग फिल्म रिलीज होने पर बकरों का सिर काटते हैं, कृपया ऐसा न करें।'

अभिनेता ने आगे कहा 'किसी जीव को नुकसान पहुंचाना अच्छी बात नहीं है। ये जान लो कि उन्हें भी जीने का अधिकार है। हमें चार पैर वाले जानवरों की भी उतनी ही इज्जत करनी है, जितनी दो पैर वाले इंसानों की। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी गुजारिश को मानेंगे।' अभिनेता की इस गुजारिश का वीडियो सोशल मीडिया पर है। इस पर एक यूजर ने कमेंट किया है 'बहुत अच्छा संदेश। मासूम जानवरों को मारने का कोई मतलब नहीं है। जिनके पास पालतू जानवर हैं वह इसका दर्द जानते हैं।' आपको बता दें कि 'डाकू महाराज' की रिलीज के वक्त बालकृष्ण के फैंस का एक हैरान करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें फैंस एक बकरे का सिर काट रहे थे और उसका खून 'डाकू महाराज' के पोस्टर पर लगा रहे थे।

### भोजपुरी

## 'सटावा जनी राइफल करेजवा पर', में रोमांटिक अंदाज देख लट्टू हो रहे फैन्स



अंशुमान सिंह और सपना चौहान का नया गाना 'सटावा जनी राइफल करेजवा पर' रिलीज कर दिया है, जिसे देख भोजपुरी फैन्स लट्टू हो चुके हैं। इस गानें में शानदार केमिस्ट्री, एक्सप्रेशन और रोमांटिक अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। भोजपुरी संगीत की दुनिया में एक बार फिर धमाका करते हुए रितु रमन फिल्म प्रोडक्शन ने अपना नया गाना 'सटावा जनी राइफल करेजवा पर' रिलीज कर दिया है। रिलीज होते ही यह गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो गया है। गाने में एक्टर अंशुमान सिंह राजपूत और खूबसूरत अदाकारा सपना चौहान की शानदार केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। दोनों कलाकारों के एक्सप्रेशन और रोमांटिक अंदाज पर लोग भी खूब लट्टू होते दिख रहे हैं। गाने के प्रड्यूसर सी.बी. रमन ने बताया कि भोजपुरी म्यूजिक की दुनिया में क्वॉलिटी कंटेंट की बढ़ती मांग को देखते हुए यह प्रोजेक्ट एक बड़ा प्रयास है। प्रोडक्शन टीम में कृष्णा मुरारी रमन और मनोरमा रमन का क्रिएटिव मार्गदर्शन भी गाने को अलग पहचान देता है। इस पूरे प्रोजेक्ट में राजकुमार सर का खास सहयोग रहा, जिसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया है। गाने में अंशुमान सिंह और सपना चौहान की एक्टिंग कमाल है। दोनों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी ने गाने में रोमांस और मनोरंजन का बेहतरीन बैलेंस किया है। अंशुमान सिंह ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बेहद करीब है और इसकी शूटिंग के दौरान उन्होंने हर एक फ्रेम में अपनी पूरी एनर्जी और सच्चाई के साथ अभिनय किया है।

## पर्सनल स्टाइल

### लाइफ स्टाइल



कभी-कभी कोट ही आउटफिट होता है। इस कहावत के पीछे व्यवहारिक बात है क्योंकि आप ठंड के मौसम में कवच की तरह काम करने वाले किसी कोट के बिना घर से बाहर नहीं निकल सकते। लेकिन फैशन की दुनिया में पर्सनल स्टाइल की अलग बात होती है। जब एक क्लासिक ट्रेंच परफेक्ट कट हो, या चेरी रेड डस्टर एक शानदार कलर पॉप हो, तो यह स्टाइल को पर्सनलाइज्ड करता है और आउटरवियर में शामिल हो जाता है।

## आयुर्वेदिक पाउडरों से धोएं बाल, कई समस्याओं से मिलेगा छुटकारा



बाजार में कई हेयर केयर प्रोडक्ट आते हैं, जो बालों की कई परेशानियों से राहत दिलाते हैं लेकिन इनमें मिले केमिकल की वजह से इसका असर कुछ दिन तक रहता है।

यानी कि अगर आप इसका लगातार इस्तेमाल करेंगे तब तो आपके बाल सही रहेंगे, वरना कई तरह की परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में आपको कुछ ऐसे आयुर्वेदिक पाउडरों के बारे में जानना चाहिए जिनसे बाल धोने के बाद आपको कई परेशानियों के छुटकारा मिल जाएगा।

आपको शिकाकाई, आंवला और रीठा के पाउडरों से बाल धोने का सही तरीका जानना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले तीनों पाउडरों को बराबर मात्रा में निकाल कर अलग रख लें। इसके बाद एक बर्तन में पानी उबालकर ये मिला दें। जब पानी ठंडा हो जाए तो उससे बालों को धो लें। इस घोल से आपके सिर पर झाग बनने लगेगा, जिसके बाद आप सादा पानी से बाल धो सकते हैं। अगर आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों से अपने बाल नियमित रूप से धोएंगे तो इससे आपके सिर की जड़ों पर जमने वाले अतिरिक्त तेल से आपको राहत मिलेगी। बालों में जमने वाली गंदगी को दूर करने में ये आयुर्वेदिक पाउडर काफी मददगार रहते हैं। इनके इस्तेमाल से बालों की मजबूती भी बरकरार रहती है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ रहे हैं तो आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा दोमुंहे हैं तो ये आयुर्वेदिक पाउडर आपकी इस समस्या को भी दूर करने में मददगार हैं।

## सिंपल साड़ी के साथ वियर करें हैवी डिजाइन के खास ब्लाउज



साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ अच्छे डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करती हैं।आजकल मार्केट में अलग-अलग तरह की साड़ी के डिजाइन मिल जाते हैं। लेकिन हर बार हैवी साड़ी पहनने की वजह से कई बार हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप सिंपल साड़ी खरीद सकती हैं, जिसके साथ हैवी ब्लाउज काफी अच्छा लगेगा। इसके लिए हैवी वर्क में ब्लाउज के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप वियर करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।



### थ्रेड वर्क ब्लाउज डिजाइन

अगर आपकी साड़ी में थ्रेड वर्क है तो आप इसके साथ हैवी वर्क वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। सें डिजाइन का भी बना सकती हैं वरना अलग से कपड़ा लेकर भी इसे सिलवा सकती हैं। इससे आपकी साड़ी हैवी नजर आएगी। साथ ही आपका लुक यूनिक लगेगा। इसके साथ आप ब्लाउज की नेकलाइन को डीप रख सकती हैं। इससे भी आप बेहद खूबसूरत लग सकती हैं।

### जरी वर्क ब्लाउज

प्लेन साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ हैवी वर्क ब्लाउज वियर करती हैं। इससे आप काफी सुंदर (स्लीवलेस ब्लाउज) लगती हैं। इसमें आपको पूरे ब्लाउज में जरी वर्क मिलेगा। लेकिन इसमें बाजू आपको प्लेन मिलेगी। इससे आपका लुक और साड़ी दोनों ही अच्छी नजर आएगी। आप चाहे तो जरी बॉर्डर के साथ भी इस तरीके के ब्लाउज को खरीद सकती हैं। मार्केट से आपको इस तरीके के ब्लाउज रेडिमेड मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 500 रुपये में मिल जाएगा। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप हैवी इयररिंग्स और मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### स्टोन वर्क ब्लाउज

आजकल स्टोन वर्क ब्लाउज काफी ट्रेंड में है। इसस तरब के ब्लाउज आफको मार्केट में भी मिल जाएंगे। वरना आप चाहे (फुल स्लीव्स ब्लाउज) तो फेब्रिक खरीदकर भी इसे डिजाइन कर सकती हैं। सिंपल साड़ी के साथ आप इसे कॉन्ट्रास्ट करके पहन सकती हैं।

## शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान



लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं।

इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है। ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल सा स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रूटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।

### गुलाब जल का करें इस्तेमाल

गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

### करें क्लींजर का इस्तेमाल

चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

## प्राकृतिक तरीकों से मिटाने हैं चेहरे के दाग-धब्बे तो अपनाएं ये तरीके



बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर लोगों के शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी दिखाई देता है। जिस तरह से खराब लाइफस्टाइल से शरीर आंतरिक रूप से कमजोर होता है, ठीक उसी तरह से बाहर के खान-पान और तनाव के चलते चेहरे पर कई परेशानियां दिखने लगती हैं। इसके अलावा हार्मोन्स के असंतुलन, तेज धूप या पिंपल्स के कारण चेहरे पर काले दाग-धब्बे हो जाते हैं, जिन्हें छुपाना आसान नहीं होता। इन सभी परेशानियों से छुटकारा दिलाने के लिए बाजार में तमाम तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, जिनमें काफी ज्यादा केमिकल भी पाया जाता है। ऐसे में ये फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान भी पहुंचा देते हैं। इसी के चलते ज्यादातर लोग चेहरे को चमकाने के लिए घरेलू प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने चेहरे के दाग-धब्बों को साफ कर सकते हैं।

### दही और नींबू

अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसे बनाने के लिए आपको दही में नींबू का रस मिलाने की जरूरत है। इनमें मौजूद ब्लीचिंग तत्व से चेहरे पर अच्छा असर दिखाता है।

### एलोवेरा जेल

अगर आपके पास पैक बनाने और इसे लगाने का समय नहीं है तो सिर्फ एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से लिए आपको चेहरा धोने के बाद एलोवेरा जेल को सही से चेहरे पर लगाना है। आप चाहें तो इसके लिए ताजे एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### सर्दियों में शादी के दौरान स्टाइलिश लुक पाने सही कपड़ों का चयन जरूरी

# सर्दियों की शादी में भी मिलेगा स्टाइलिश लुक खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे आउटफिट्स

सर्दियों के सीजन में शादियों के दौरान इस तरह के कपड़े पहनने चाहिए जो ठंड से बचाने के साथ-साथ लुक को भी निखारने का काम करें। शादियों में पहने जाने वाले पुरुषों के आउटफिट्स पर जरूर नजर डालिए।

### टक्सेडो

सर्दियों की शादी में टक्सेडो पहनना एक बेहतरीन विकल्प है, क्योंकि यह एक कमाल का लुक देने का काम करता है। टक्सेडो का सही फिट होना बहुत जरूरी है। इसे कंधों और छाती पर सही तरह से बैठना चाहिए। सुनिश्चित करें कि जैकेट की लंबाई सही हो और यह न तो बहुत टाइट हो, न ही बहुत ढीला। पारंपरिक टक्सेडो का रंग काला होता है, जो हर अवसर पर परफेक्ट रहता है। हालांकि, अगर आप कुछ अलग और बोल्ड दिखना चाहते हैं, तो मिडनाइट ब्लू या सफ़ेद टक्सेडो भी एक शानदार विकल्प हो सकते हैं।

### थ्री-पीस सूट

सर्दियों की शादी के लिए थ्री-पीस सूट एक बेहतरीन विकल्प हो



सकता है, क्योंकि यह न केवल शादियों में स्टाइलिश और आकर्षक लगता है, बल्कि यह मौसम के हिसाब से भी आरामदायक रहता है। यदि आप क्लासिक लुक चाहते हैं तो गहरे रंगों जैसे नेवी ब्लू या चारकोल ग्रे का चयन करें।

### डबल-ब्रेस्टेड सूट

डबल-ब्रेस्टेड सूट सर्दियों की शादी के लिए अच्छा आप्शन हो सकता है, खासकर यदि आप स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। इसे पहनने के समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। सूट की जैकेट को कंधों और छाती पर अच्छे से फिट होना चाहिए, ताकि यह न तो बहुत ढीली हो और न ही बहुत तंग।

### मिडनाइट ब्लू सूट

मिडनाइट ब्लू सूट ठंडे मौसम में शादियों के लिए परफेक्ट माना जाता है। यह रंग न केवल आकर्षक दिखता है, बल्कि इसके गहरे शेड के कारण यह ठंडे माहौल में भी गर्मी महसूस कराता है। सूट की फिटिंग पर ध्यान देना बहुत जरूरी है, ताकि आप आकर्षक और सहज महसूस करें।

### कॉरडरॉय सूट

कॉरडरॉय सूट इन दिनों पुरुषों के फैशन में चार चांद लगाने का काम कर रहा है। खासकर सर्दियों के मौसम में ये गर्म और आरामदायक होते हैं, साथ ही एक स्टाइलिश और डिस्टिंक्ट लुक भी देता है। कॉरडरॉय सूट के रंगों की विविधता को ध्यान में रखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी त्वचा की रंगत से मेल खाता हुआ रंग चुनें।

